# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///

वर्ष : 13 | अंक : 22 टोंक | बुधवार,27 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-चतुर्थी संवत्-2082 |भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 2.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## भगवान श्री देवनारायण की कृपा से मंदिर में निरंतर जारी रहेंगे विकास कार्य -अध्यक्ष फूलचन्द लांगडी

**श्री देवनारायण ट्रस्ट की मासिक बैठक संपन्न**

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान श्री देवनारायण ट्रस्ट की मासिक बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष फूलचन्द लांगडी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें भगवान श्री देवनारायण के दर्शन प्राप्त कर आम आवाम की खुशहाली की मनोकामना की गई। इसके बाद ट्रस्ट अध्यक्ष फूलचंद लांगड़ी के नेतृत्व में मंदिर का दान-पात्र खोला गया, जिसमें 8 लाख 44 हजार 535 रूपए प्राप्त हुए। बैठक में 27 से 29 अगस्त तक आयोजित लक्खी मेले की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके अलावा मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों के निर्माण का जायजा लिया गया और अत्यधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए रास्तों का निरीक्षण कर उन्हें तुरंत दुरुस्त करने का प्रयास किया गया। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष फलचन्द लांगडी ने कहा कि भगवान श्री देवनारायण की कृपा एवं सभी भक्तों के सहयोग से देवधाम जोधपुरिया की उन्नति और विकास के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने ट्रस्ट का सहयोग करने के लिए लिए सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में कोषाध्यक्ष सुरज्ञान गुर्जर, महामंत्री शैलेंद्र धाभाई, देवलाल मेम्बर, देवलाल रग्गल, राजाराम भगत, रामस्वरूप गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, देवलाल गुर्जर, कानाराम गुर्जर सहित समाज के कई वरिष्ठ जन व युवा मौजूद थे।

## टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण किट वितरण के लिए आगे आए भामाशाह



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** श्री रामेश्वर प्रसाद मेमोरियल सेवा संस्थान टोंक एवं लाइफ लाइन लेबोरेटरी पटेल सर्किल टोंक की ओर से एक सराहनीय पहल करते हुए जिला स्वास्थ्य समिति टी.बी. टोंक के आह्वान पर मंगलवार को 20 पंजीकृत टीबी मरीजों को नि:शुल्क निक्षय पोषण किट वितरित की गई। यह कार्यक्रम शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हाउसिंग बोर्ड टोंक में आयोजित हुआ। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने टीबी बीमारी की जानकारी देते हुए कहा कि सही पोषण से मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और रिकवरी तेजी से होती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों पर भामाशाह (दानदाताओं) के सहयोग से निरंतर आयोजित किए जाएंगे। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अभिषेक छारोडिया ने अस्पताल स्टाफ को प्रेरित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक समाजसेवियों को इस मुहिम से जोड़ा जाए ताकि मरीजों को समय पर मदद मिल सके।कार्यक्रम में निक्षय मित्र परीक्षित साहू ने घोषणा की कि उनकी संस्था हर माह 20 मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराएंगे और अधिक से अधिक लोगों को सहयोग के लिए जोड़ेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान में अपना पूरा योगदान देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी सीए आकाश जैन, अरशद अली, डीपीसी मसर्रत मियां, शरजील खान, अक्षय जैन, हेमंत शर्मा, शबाना जी, शिमला सेनी, लक्ष्मी सेनी तथा नर्सिंग ऑफिसर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने टीबी मुक्त भारत की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सीईओ गौरव बुड़ानिया ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**सवाई माधोपुर ।** मंगलवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर विकास न्यास के सचिव आईएएस गौरव बुड़ानिया ने रणथम्भौर में आयोजित लक्खी मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीईओ बुड़ानिया ने पंचायत समिति के विकास अधिकारी जगदीश मीणा एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साफ सफाई एव दर्शनार्थियों के लिए समुचित व्यवस्था करने सहित अन्य निर्देश दिए उन्होंने गणेश मंदिर पहुंच विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं दर्शनार्थियों से जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ विकास अधिकारी जगदीश मीणा निजी सहायक मनोज पाराशर सहित पंचायती राज विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## अन्नपूर्णा श्रीगणेशजी के छप्पन भोग की झांकी आज

**बढ़ता राजस्थान**

**टोंक ( का.स. )।** गणेश चतुर्थी को श्रीबालाजी गणेश मंदिर प्रन्यास समिति टोंक की और से अन्नपूर्णा गणेश मंदिर में मनाए जाने वाले दो दिवसीय गणेश उत्सव के तहत बुधवार को भगवान श्री गणेश जी के छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी।

मंदिर समिति के संरक्षक मठाधीश महंत कैलाश पुरी महाराज ने बताया कि श्री अन्नपूर्णा गणेशजी के छप्पन भोग में विभिन्न तरह के लडडू, नुकती, काजू कतली,बर्फी सहित 56 तरह की मिठाईयों का भोग लगाया जाएगा। साथ ही प्रसाद वितरण किया जाएगा।





# श्री त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेला-2025 का शुभारंभ

## गौरी पुत्र गजानंद के दरबार में लगाई हाजिरी, मनोकामना की लगाई गुहार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर दुर्ग स्थित श्री त्रिनेत्र गणेश मंदिर में तीन दिवसीय लक्खी मेला-2025 मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। प्रदेश सहित देश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं के साथ बसों, ट्रैक्टरों, कारों, जीपों, मोटरसाइकिलों व पैदल यात्रा कर गणेशधाम पहुंचे। मंदिर परिसर गणेश जी महाराज की जय गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। गणेश भक्तों , जिला कलक्टर काना राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बैनीवाल, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, सहित अन्य अधिकारियों ने गणेश जी, उनकी पत्नियां रिद्धि-सिद्धि और पुत्र शुभ-लाभ के दर्शन कर मंगलकामनाएँ कीं।

### भक्ति और उल्लास का संगम

ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालु घेरों और लोकगीतों के साथ नाचते-गाते मंदिर पहुंचे। दर्शन के बाद श्रद्धालु परिवार सहित किले की ऐतिहासिक छटा निहारते दिखे और मेले में लगे खिलौनों व अन्य दुकानों का आनंद लिया। नि:शुल्क भण्डारों पर प्रसादी वितरण का क्रम भी लगातार चलता रहा।

### प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद इंतजाम

मेला मजिस्ट्रेट दामोदर सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रही। मंदिर क्षेत्र और मार्गों पर 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी की गई। नगर परिषद, पंचायत समिति, मंदिर ट्रस्ट और पुरातत्व विभाग के सहयोग से सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। अस्थाई व चल शौचालयों की व्यवस्था तथा कचरा निस्तारण हेतु ट्रैक्टर ट्रॉलियों और ऑटो टिपरों की तैनाती की गई।

### जिला कलक्टर की अपील

कलक्टर ने श्रद्धालुओं को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी व्यापक तैयारियाँ की गई हैं और व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। श्रद्धालु अनुशासन बनाए रखें, प्रशासन आपके सहयोग के लिए तत्पर है। स्वच्छता और सुरक्षा ही सबसे बड़ी सेवा है। जिला कलक्टर ने सभी श्रद्धालुओं से समूह में रहकर ही दर्शन करने और किसी भी परिस्थिति में जंगल या निर्जन मार्गों पर अकेले न रुकने की अपील की। उन्होंने कहा कि हाल ही में टाइगर पगमार्क देखे जाने के कारण श्रद्धालु सतर्क रहें और जलभराव वाले मार्गों से गुजरने से बचें। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान रखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है कि परिक्रमा मार्ग केवल 27 अगस्त (गणेश चतुर्थी) को दिन के समय खोला जाएगा और इस दौरान केवल समूह में ही प्रवेश की अनुमति होगी। अन्य तिथियों में परिक्रमा मार्ग पूर्णत: बंद रहेगा।

### आपातकालीन संपर्क नंबर

गणेशधाम मेला कंट्रोल रूम 07462-294101, मेला कंट्रोल रूम (एसडीएम कार्यालय) 07462-220344। बुधवार, 27 अगस्त को मेले का मुख्य आयोजन होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## साइकिल तिरंगा यात्रा का मालपुरा में हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** राजस्थान रोड राइडर्स एवं प्रियंका हार्ट अस्पताल के तत्वावधान में निकाली पांचवी तिरंगा यात्रा के मालपुरा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। तिरंगा साईकिल यात्रा को जयपुर से पुलिसकमिश्नर बीजू जोर्ज जोसफ एवं ओलम्पिन गोपाल सैनी ने हरी दिखाकर रवाना किया। इस साइकिल यात्रा में लगभग 150 के लगभग साइकिल यात्री जयपुर से अल सवेरे साइकिलो से निकले।

तिरंगा साईकिल यात्रा का मालपुरा पहुंचने पर अविकानगर टोल नाके के पास रेखा देवी मेमोरियल संस्थान एवं सनराइज पेराडाईज पर जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रहे एडवोकेट रविकुमार जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य पार्षद डॉ. अकिंत जैन, जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर, एडवोकेट हनुमान विजय सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक मोजुद रहे। सभी तिरंगा साइकिल यात्रा में शामिल सभी यात्रियो का मालाए पहना कर स्वागत किया गया। साइकिल यात्रियो के अलगोजा पार्टी ने मधुर धुने बिखेरी। अलगोजा पार्टी की धुनो पर कई साइकिल यात्री अपनी थकान को भुलाकर जमकर नृत्य किया। यात्रा संयोजक सुविख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.एल. शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के हरियाळलो राजस्थान अभियान , एक कदम पर्यावरण सरंक्षण की ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्धारा चलाए जा रहे एक पेड़ मा के नाम अभियान से प्रेरित होकर यात्रा निकाली जा रही है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यात्री बीसलपुर में सघन पौधारोपण के बाद वापस जयपुर के लिए प्रस्थान किया। यात्रा का इससे आगे जयपुर रोड स्थित भारत विकास परिषद के जल मन्दिर पर मौजुद परिषद के अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन, त्रिलोक विजय, प्रवक्ता दिनेश विजय, कमलेश श्रंगी, लोकेश लोधी, भागचन्द शर्मा, ताराकांत पाठक, रामचरण विजय, चेतन शर्मा ने यात्रियो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद रोटरी मालपुरा ग्रीन की ओर से भी यात्रियो का स्वागत किया गया। तिरंगा साइकिल यात्रियो का अन्य कई स्थानो पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।



## मुख्यमंत्री आगमन व उप चुनावो को लेकर भाजपाईयो ने कसी कमर

**बैठक आयोजित कर सफल बनाने का लिया संकल्प**



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के दूदू रोड स्थित होटल लखदातार में भाजपा शहर मंडल कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मौजुद भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमेन एडवोकेट राजकुमार जैन ने बताया कि नगरपालिका मालपुरा में वार्ड नं. 31 व 34 में उप चुनाव होने जा रहा है। ये दोनो चुनाव कार्यकर्ताओं की कड़ी परीक्षा समान है। क्योंकि इसके बाद इा साल कें अंत तक नगरपालिका व पंचायत राज संस्थाओ के आम चुनाव हो सकते हैं। इसलिए भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं पालिका के दो वार्डो का उपचुनावो में जीत हासिल करने के लिए एक दूसरे से सहयोग की भावना के साथ काम करना चाहिए। अपने सभी आपसी मनमुटाव और मतभेदो को भुलाकर केवल संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा का प्रदर्शन करने की कोशिश करना चाहिए। प्रभारी दिनेश विजय ने बताया कि संगठन की ओर से दोनो वाड्रो के उपचुनावो के लिए प्रत्याशी धोषित कर दिए है। अब कार्यकर्ताओ को संगठन के चुनाव चिन्ह कमल के फूल को मन में रखकर दोनो उप चुनावो में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 अगस्त को टोडारायसिंह में पचास हजार पौधे एक साथ लगाने का रिकार्ड कायम करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक आम जन के साथ भाग लेकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बना कर सभी को संगठन के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा प्रदर्शन का श्रेष्ठ अवसर है। बैठक में नोरत बीलवाल, रमाकान्त पटेल, मनीष जैन, कन्हैयालाल शर्मा, राजेन्द्र कोठारी, रामजीलाल शर्मा सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं ने विचार प्रकट किए। बैठक में मोजुद सभी कार्यकर्ताओं ने अंत में भाजपा संगठन के ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। बैंठक में भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगो की मदद के लिए आगे आए भामाशाह समाजसेवी

## भामाशाह शिवदयाल शर्मा ने लोगों के लिए की भोजन व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर सोमवार जिला मुख्यालय पर विगत दिनों आई बाढ़ से जनजीवन प्रभावित हुआ है जिसके चलते कई इलाकों में अत्यधिक पानी भराव के कारण लोगों के घरों में भोजन नहीं बन पा रहा है।

ऐसे में भामाशाह समाजसेवी शिवदयाल शर्मा द्वारा ऐसे परिवारों को भोजन पैकेट वितरित करवाए जा रहे है। उनके द्वारा 24 अगस्त से इस अभियान की शुरुआत की गई है जो की अभी 5 सितंबर तक चलेगी।भामाशाह शिवदयाल शर्मा ने बताया की जल भराव वाले स्थानों पर भोजन पैकेट पहुँचाने के लिए एक युवा टीम तैयार की गई है जिसमे उधम सिंह, मगन लाल मीना मुकेश गुर्जर बाबू मीना सुरेन्द्र सिंह, रामभजन दिनेश मीना श्रीराम शर्मा, राजेंद्र, राजबब्बर,सुशील सुशील पिंटू बबलू आदि युवा सूचना प्राप्त होने पर भोजन पैकेट बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वितरित करने वाली जगह पहुंच कर लोगो को भोजन उपलब्ध कराते है। इस दौरान मंगलवार को चकचैनपुरा, करमोदा सूरवाल विज्ञान नगर आदि क्षेत्रों में भोजन पैकेट वितरित किए गए।



## डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट के तहत खनन क्षेत्र से 15 से 25 किलोमीटर के दायरे में ही हो सकेंगे विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत राज्य सरकार ने ''डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट'' (डीएमएफटी) रुल्स 2025 को लेकर नई गाइडलाईन जारी की है। इसी को लेकर मंगलवार को जिला परिषद सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका एवं देवली प्रधान बनवारी लाल जाट समेत ट्रस्ट से जुड़े सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में योजना के नवीन प्रावधानो, आय-व्यय, पंचवर्षीय एवं वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की गई।



**ट्रस्ट में होगी गवर्निंग काउसिंल एवं प्रबंधन समिति**-जिले में डीएमएफ्टी के तहत कराए जाने वाले विकास कार्यो के अनुमोदन, नीति निर्धारण एवं सभी महत्वपूर्ण कार्यो में सहमति देने की जिम्मेदारी गवर्निंग कांउसिल की होगी। इसमें जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कुल 42 सदस्य होंगे। जिले के सांसद, विधायक, जिला स्तरीय अधिकारी समेत मनोनीत सदस्य कमेटी में शामिल रहेंगे। इसके साथ ही जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय प्रबंधक कमेटी भी गठित होगी। जो कार्यो की समीक्षा एवं नैतिक कार्य करेगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी दोनों के सदस्य सचिव होंगे।

**15 से 25 किलोमीटर सीमा क्षेत्र में ही कराए जा सकेंगे विकास कार्य**-भारत सरकार की गाइडलाईन के अनुसार खनन पट्टा क्षेत्र/कलस्टर क्षेत्र के 15 किलोमीटर तक प्रत्यक्ष खनन प्रभावित तथा 15 से 25 किलोमीटर अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र माना जायेगा। 25 किलोमीटर से अधिक के नियमों में शिथिलता दिये जाने के लिए संभागीय आयुक्त को अधिकृत किया गया है।

## सम्पादकीय

# दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक अफसोसनाक हकीकत, रोकने के तरीके अब तक नहीं रहे कारगर

आधुनिक और शिक्षित माने जाने वाले समाज में अगर दहेज और इसकी वजह से होने वाली हत्या के मामले एक गंभीर समस्या के रूप में आज भी कायम हैं, तो यह सोचने की जरूरत है कि हमारे विकास की दिशा क्या रही है और इसका हासिल क्या है। यों, देश भर से दहेज के लिए किसी महिला की हत्या कर देने या उसे भयानक स्तर पर प्रताड़ित करने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। मगर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले से दहेज हत्या का जैसा मामला सामने आया है, वह बताता है कि आज भी कुछ लोग किस तरह की संकीर्णता, जड़ता और पिछड़े मानस से ग्रस्त है और लोभ में कितने अमानुष और क्रूर हो जा सकते हैं।

गौरतलब है कि सिरसा गांव में एक महिला को उसका पति और ससुराल के अन्य लोग लगातार दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे, जबकि महिला के मायके से ज्यादातर मांग पूरी की गई। मगर जब व्यक्ति पर बेलगाम लालच हावी हो जाता है, तब उसके क्रूर हो जाने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। छत्तीस लाख रुपए की नई मांग आखिरकार इस नतीजे तक पहुंची कि महिला को उसके पति ने यातना देते हुए जिंदा जला कर मार डाला।

**आए दिन महिलाएं हो रही हैं शिकार**–यह घटना एक बार फिर बताती है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों और विकास के दावों के बीच समाज में परंपरा के नाम पर ऐसी क्रूरताएं पल-बढ़ रही हैं, जिनका शिकार आए दिन महिलाएं हो रही हैं। सवाल है कि दहेज के खिलाफ बने सख्त कानून के बावजूद एक व्यक्ति कैसे यह साहस कर पाता है कि वह न केवल विवाह में दहेज की ऊंची मांग पूरी करवाता है, बल्कि शादी के बाद भी लगातार धन या सामान की मांग करते हुए वधू को प्रताड़ित करता है और कभी मार भी डालता है।

**भारत और चीन के बीच पारंपरिक रूप से संबंध नहीं रहे हैं ज्यादा प्रगाढ़, अमेरिकी शुल्क से बढ़ने लगीं नजदीकियां**–ऐसा लगता है कि न तो कानून को अमल में लाने के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त संजीदगी बरती जाती है, न ही दहेज के लिए वधू को यातना देने वालों को इस कानून का कोई खौफ सताता है। इसकी वजह इस हकीकत में छिपी है, जिनमें दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामले अगर अदालतों में पहुंचते भी हैं, तो मुकदमे की सुनवाई वर्षों तक खिंचती चली जाती है और फिर ऐसे मामलों में सजा की दर काफी कम है।

**2022 में दहेज हत्या के दर्ज हुए कुल 6,450 मामले**–जाहिर है, दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक अफसोसनाक हकीकत है और इसे रोकने के तरीके अब तक कारगर नहीं रहे हैं। हालांकि एक धारणा यह फैलाई जाती रही है कि दहेज के बहुत सारे मामलों में इससे संबंधित कानून का दुरुपयोग किया जाता है और नाहक ही पति और उसके परिवार को फंसाने की कोशिश की जाती है। इसके समांतर राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के मुताबिक, 2022 में दहेज हत्या के कुल 6,450 मामले दर्ज हुए। इस आधार पर देखें तो देश में दहेज के लिए हर रोज करीब अठारह महिलाओं की हत्या कर दी जाती है। यानी वास्तव में कानून के दुरुपयोग के दावे के बरक्स हकीकत काफी त्रासद और शर्मनाक है।

इतना तय है कि दहेज के लिए किसी महिला की हत्या के पहले ऐसी स्थिति जरूर बनती है, जिसमें घर के दूसरे सदस्य उसे रोक सकते हैं। मगर परिवार या कई लोगों के बीच में एक अकेली महिला को दहेज के लिए जिंदा जला दिया जाना बताता है कि हत्या कोई भी करे, वहां मौजूद मूकदर्शक लोग भी प्रकारांतर से भागीदार होते हैं। किसी भी व्यक्ति या परिवार में दहेज की बेलगाम भूख यह बताती है कि वह अभी सभ्य और शिक्षित होने या विकास के वास्तविक पैमानों से काफी पीछे है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 27 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना 1604 में की गई।
- हैदर अली ने 1781 में ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना 1870 में की गई।
- जेट इंधन वाले विश्व के पहले विमान ने 1939 को जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- टेलिविजन की दुनिया के इतिहास में 1950 को आज ही के दिन बीबीसी ने पहली बार स्थल-आधारित सीधा प्रसारण किया। प्रसारण की योजना बनाने के लिए दो
- महीने से भी ज़्यादा का समय लगा।दो घंटे का ये प्रसारण इंग्लिश चैनल के दूसरे छोर यानी फ्रांस से किया गया।
- भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक 1976 को नियुक्त हुई।
- आयरलैंड के समीप 1979 में एक नौका विस्फोट हुआ।
- नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का 1985 को तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।
- वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को 1990 में अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।
- मालदोवा ने 1991 में सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।
- सोनाली बनर्जी 1999 में भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजनियर बनीं।
- भारत ने 1999 में कारगिल संघर्ष के दौरान अपने यहाँ बंदी बनाये गये पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया।
- उत्तर और दक्षिण कोरिया दोनों देशों को लेकर 2003 में पहली बार छहपक्षीय वार्ता हुई।
- 60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद 2003 में मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा।
- वित्तमंत्री शौकत अजीज 2004 में पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री चुने गये।
- सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधिश ए.के. माथुर को 2008 में सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल का पहला अध्यक्ष बनाया गया।
- झारखण्ड मुक्तिमोर्चे के प्रमुख शिबु सोरेन ने 2008 में झारखण्ड के छठे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।
- बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष सुश्री मायावती को 2009 में पुनः अध्यक्ष पद पर तीसरी बार चुन लिया गया। उल्लेखनीय है कि दल के संस्थापक कांशीराम के उपरान्त वे लगातार इस पद पर बनी हुई हैं।
- उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 2013 को दो धार्मिक समुदायों के बीच दंगे भड़के।
- टाटा स्टील की नींव रखने वाले दोराबजी टाटा का जन्म 1859 में हुआ था।
- क्रिकेट के सूरमा सर डॉन जॉर्ज ब्रैडमैन का जन्म 1907 को हुआ था।
- जापानी प्रधानमंत्री सॉसुक ऊनो का जन्म 1922 को हुआ था।
- भारतीय प्रोफेशनल रेसलर और लिफ्टर दलीप सिंह राणा उर्फ ग्रेट खली का जन्म 1972 को हुआ था।

## गणेश चतुर्थी विशेषः एकदंत दयावंत चारभुजा धारी....

# बुधवार का महासंयोग तिथि की महत्ता को बढ़ा रहा है कई गुना

राकेश शर्मा



यूं तो रोजाना ही प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है, लेकिन भादो माह प्रभु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। वैसे तो रोजाना ही भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है, लेकिन भादो माह प्रभु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था, जिसकी खुशी में देशभर में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दौरान भक्तजन घरों, दफ्तरों, दुकानों और मंदिरों में गणपति जी की मूर्ति को स्थापित करते हैं और 10 दिनों तक उनकी विधिनुसार उपासना करते हैं। इसके अलावा प्रभु की विशेष कृपा प्राप्ति के लिए मोदक, मोतीचूर लड्डू, खीर और मालपुआ जैसे भोग लगाए जाते हैं, जिसे बेहद शुभ माना जाता है!

यह पर्व 10 दिन तक मनाया जाएगा। इस दौरान गणेश जी को उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाएं और अर्पित करें। इन सभी चीजों को अर्पित करने से बप्पा का आशीर्वाद अपने भक्तों पर सदैव बना रहता है। भगवान गणेश को कई चीजें प्रिय हैं यह सभी चीजें अगर गणेश जी को अर्पित की जाएं तो उनकी कृपा अपने भक्तों पर निश्चित ही बनी रहती है। गणेश उत्सव के मौके पर भगवान गणेश जी को रोज अर्पित करें । मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान सवाई माधोपुर के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि सिंदूर भगवान गणेश जी को अति प्रिय ह। एक कथा के अनुसार माना जाता है कि गणेश भगवान ने सिंधु नामक दैत्य का वध किया था और उसके शरीर के रक्त को उन्होंने अपने शरीर पर लेप की तरह लगाया, तभी से गणेश को सिंदूर चढ़ाया जाता है।

सिंदूर भगवान गणेश जी को अति प्रिय ह। एक कथा के अनुसार माना जाता है कि गणेश भगवान ने सिंधु नामक दैत्य का वध किया था और उसके शरीर के रक्त को उन्होंने अपने शरीर पर लेप की तरह लगाया, तभी से गणेश को सिंदूर चढ़ाया जाता है।

आचार्य ताराचंद शास्त्री के अनुसार दूर्वा घास गणेश जी को चढ़ाना बहुत शुभ माना जाता हैकथा के अनुसार अनलासुर नामक दानव को निगलने के बाद श्री गणेश के पेट में बहुत जलन होने लगी. कई उपचार के बाद भी जब असर नहीं हुआ तो कश्यप मुनि ने उन्हें 21 गांठ बनाकर दूर्वा खाने को दी, जिसके बाद से गणेश जी को दूर्वा घास अर्पित की जाती है।

दूर्वा घास गणेश जी को चढ़ाना बहुत शुभ माना जाता है कथा के अनुसार अनलासुर नामक दानव को निगलने के बाद श्री गणेश के पेट में बहुत जलन होने लगी. कई उपचार के बाद भी जब असर नहीं हुआ तो कश्यप मुनि ने उन्हें 21 गांठ बनाकर दूर्वा खाने को दी, जिसके बाद से गणेश जी को दूर्वा घास अर्पित की जाती है।

मालूम हो कि लड्डू गणेश जी को बहुत प्रिय है उन्हें अक्सर लड्डू का भोग लगाया जाता ह। इस बात का जिक्र गणेश जी की आरती में भी ह। एक कथा के अनुसार देवताओं ने मिलकर देवी पार्वती की श्रद्धा में एक दिव्य लड्डू बनाया. लड्डू को पाने के लिए गणेश जी और उनके बड़े भाई कार्तिकेय जी ने अपनी श्रेष्ठता साबित करने का प्रयास किया. गणेश जी ने अपनी बुद्धि और श्रेष्ठता साबित की, और लड्डू के अधिकारी बन गए.

लड्डू गणेश जी को बहुत प्रिय ह। उन्हें अक्सर लड्डू का भोग लगाया जाता ह। इस बात का जिक्र गणेश जी की आरती में भी ह। एक कथा के अनुसार देवताओं ने मिलकर देवी पार्वती की श्रद्धा में एक दिव्य लड्डू बनाया. लड्डू को पाने के लिए गणेश जी और उनके बड़े भाई कार्तिकेय जी ने अपनी श्रेष्ठता साबित करने का प्रयास किया. गणेश जी ने अपनी बुद्धि और श्रेष्ठता साबित की, और लड्डू के अधिकारी बन गए।

लड्डू के साथ-साथ गणेश जी को मोदक भी अति प्रिय हैं. विशेष रूप से गणेश जी को गुड के मोदक का भोग लगाया जाता ह। मोदक का अर्थ है आनंद देने वाला. विघ्नहर्ता भगवान गणेश को मोदक का प्रसाद चढ़ाने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार इस बार भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का प्रारंभ 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। इसका समापन 27 अगस्त की दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर हो रहा है। उदया तिथि के मुताबिक गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा।

### स्थापना मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री के मुताबिक गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए 27 अगस्त को सुबह 11 बजकर 05 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट तक का शुभ मुहूर्त रहेगा। आप इस अवधि में गणपति जी की मूर्ति की स्थापना कर सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी दुर्लभ संयोग

इस बार गणेश चतुर्थी पर प्रीति, सर्वार्थ सिद्धि, रवि के साथ इंद्र-ब्रह्म योग का संयोग बना रहेगा। वहीं कर्क में बुध और शुक्र के होने से लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा। इसके अलावा गणेश चतुर्थी पर बुधवार का महासंयोग तिथि की महत्ता को गई गुना बढ़ा रहा है।

# धर्मनिरपेक्षता भारत की स्वस्थ परंपरा एवं आंतरिक मजबूती



संजीव ठाकुर

**धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत हैद्य धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व हैद्य जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैद्य धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव हैद्य इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।**

इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग हैद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैंद्य धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है. भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैद्य प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई हैद्य भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान हैद्य भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है।

सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करेंद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैद्य धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता हैद्य भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता हैद्य हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करेंद्य आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास थाद्य स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं। और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती हैद्य भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का हैद्य भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा अलवर महेश कुमार मेहता। 16 जुलाई सन 1971 को बहरोड ब्लॉक के जखराना गांव में एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले और अपने माता-पिता की प्रेरणा से इस मुकाम तक पहुंचने वाले एक शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं महेश कुमार मेहता। एमएससी फिजिक्स और एम.एड़ की पढ़ाई करने के बाद 1 सितंबर 1997 से फरवरी 2004 तक केंद्रीय विद्यालय संगठन एयर फोर्स स्टेशन नंबर-1 जोधपुर में कार्यरत रहे जहां पर टीजीटी मैथ्स के पद पर कार्यरत रहते हुए हमेशा 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया। 2004 में आरपीएससी से प्रधानाध्यापक माध्यमिक शिक्षा के पद पर चयनित होने को बाद राजकीय माध्यमिक विद्यालय किथूर में कार्यभार ग्रहण किया आठ माह बाद स्थानांतरण उपरांत आबू रोड में 2004 से 2007 तक प्रधानाध्यापक रहते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान का क्षेत्र में अलग पहचान स्थापित की सितंबर 2007 से 2013 तक डाईट अलवर में वरिष्ठ व्याख्याता के पद पर रहते हुए प्रशिक्षणार्थियों में नवाचार स्थापित किया तथा प्रभावी एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था बनाने की सतत् प्रयास किया। 2013 को पदोन्नति होकर प्रधानाचार्य के पद पर राजकीय उ%च माध्यमिक विद्यालय खानपुर मेवान अलवर में लगभग पौने दो करोड रुपए के विकास कार्य करा, जहां कक्षा कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, आईसीटी लैब,वोकेशनल लैब के साथ कंप्यूटर लैब कक्ष का निर्माण कराया । विद्यालय की चार दिवारी के लिए 11 लख रुपए विधायक निधि से स्वीकृत करवाए। इसके साथ ही विद्यालय में विज्ञान संकाय गणित एवं जीव विज्ञान खुलवाने का कार्य किया। अक्टूबर 2022 से जून 2025 तक प्रधानाचार्य के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरखा कलां मुंडावर में कार्यरत रहे जहां नामांकन वृद्धि में प्रभावी और प्रयास किया विद्यालय का सत्र 2024-25 का दोनों बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जून 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा अलवर के पद पर स्थापना होने के बाद कार्य ग्रहण किया। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



महेश मेहता
(जिला शिक्षाधिकारी,माध्यमिक)

–रूपक शर्मा

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 2 | | | 1 | | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | | 5 |
| | | | 8 | | 3 | 2 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | 3 | 2 | | | 6 | 7 | |
| | 6 | | | 7 | | 8 | | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | | | | |
| | 9 | | 6 | 1 | | 5 | 3 | |
| | | 6 | 9 | | | 1 | 4 | 2 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 9 | 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

### वृष

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### मिथुन

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### कर्क

अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

### सिंह

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### कन्या

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### वृश्चिक

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### धनु

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

### मकर

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### कुंभ

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### मीन

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री महेश जोशी जेल में ही रहेंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व मंत्री महेश जोशी की राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में 24 अप्रैल को ईडी ने उनको गिरफ्तार किया था। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 8 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा गया था। मंगलवार को जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। जल जीवन मिशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। ईडी मामलों की विशेष कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद जोशी ने हाईकोर्ट में बेल एप्लिकेशन लगाई थी।

**महेश जोशी ने कहा था- मूल केस में नाम नहीं**-महेश जोशी की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ वकील विवेकराज बाजवा ने कहा था- महेश जोशी को इस मामले में फंसाया गया है। एसीबी में दर्ज मूल केस में महेश जोशी का नाम नहीं है। जोशी को एक साल पहले नोटिस दिया गया था।

### ट्रम्प बोले- मैंने 7 युद्ध रुकवाए, इनमें 4 टैरिफ से

**भारत-पाकिस्तान जंग भी शामिल, इसमें 7 फाइटर जेट गिरे**



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक के दौरान कहा कि उन्हें दुनियाभर में 7 संघर्षों को रोकने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि इनमें से 4 जंग टैरिफ से रुकवाई गईं। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष भी शामिल है, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वह न्यूक्लियर वॉर में तब्दील होने के करीब था।

ट्रम्प ने कहा, मैंने सात युद्ध रोके जो चल रहे थे, जिनमें भारत और पाकिस्तान भी शामिल थे। वे हर जगह जेट मार गिरा रहे थे। इसके अलावा ट्रम्प ने भारत-पाकिस्तान जंग के बीच 7 फाइटर जेट गिराने का दावा भी किया। ये उनके 19 जुलाई के 5 फाइटर जेट गिराने के दावे से ज्यादा है।

# पीएम मोदी बोले- दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी

## मारुति की पहली ईवी को झंडी दिखाई

बढ़ता राजस्थान



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 26 अगस्त को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है। ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा।

इस कार में 49kWh और 61kWh के दो बैटरी पैक ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक SUV का प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है।

### पीएम मोदी के संबोधन की 5 खास बातें

- गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है।
- जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है। जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है।
- पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा। जो प्रोडक्शन होगा उसमें महक मेरे देश की मिट्टी की होगी।
- आज पूरी दुनिया, भारत की ओर देख रही है। ऐसे समय में कोई भी राज्य पीछे नहीं रहना चाहिए। हर राज्य को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। हिंदुस्तान आने वाले निवेशकों को इतना कन्फ्यूजन होना चाहिए कि वे सोचें, मैं इस राज्य में जाऊं या उस राज्य में।
- मैं सभी राज्यों को निमंत्रण देता हूं, आइए, रिफॉर्म की स्पर्धा करें, प्रो-डेवलपमेंट पॉलिसी की स्पर्धा करें और गुड गर्वनेस की स्पर्धा करें। गर्व से स्वदेशी की ओर बढ़ चलें। मुझे आपका साथ चाहिए दोस्तों, 2047 तक हम विकसित भारत बनाकर रहेंगे।

# राजस्थान से मिग-21 फाइटर जेट रिटायर

**वायुसेना प्रमुख भावुक हुए**



बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर (नि.स.)।** भारतीय वायुसेना के सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग-21 को राजस्थान से रिटायर करने की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बीकानेर के नाल एयरबेस पर मिग-21 में उड़ान भरी। उड़ान के बाद वायुसेना प्रमुख भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों और वायुसैनिकों से बातचीत में कहा- छह दशकों से अधिक समय तक मिग-21 भारतीय वायुसेना का रीढ़ रहा है। 1985 में तेजपुर में मैंने पहली बार मिग-21 उड़ाया था। यह नया अनुभव था। यह बेहद फुर्तीला, मैनूवरेबल और ईजी डिजाइन वाला है। मैक्स रिच पर यह 200-250 मीटर प्रति सेकेंड की दर से चढ़ सकता था। उड़ान भरने वाले इसे हमेशा याद रखेंगे। बता दें कि मिग-21 फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वॉड्रन (36 मिग-21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वॉड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वॉड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है।

भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितंबर को रिटायर होगा और इसकी सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएगी। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट का मुख्य विदाई कार्यक्रम होगा।

### अब तेजस उत्तराधिकारी

एयर चीफ मार्शल सिंह ने तेजस को उत्तराधिकारी बताया। उन्होंने कहा- तेजस को मिग-21 के स्थान पर बनाया गया था। यह छोटा है, जिसका डिजाइन मिग-21 पर ही आधारित है। जबकि मिराज से भी इंस्पिरेशन ली गई है। डेल्टा विंग प्लेटफॉर्म इसी वजह से है। उन्होंने कहा- वायुसेना में तेजस लड़ाकू विमान मिग-21 की जगह अच्छे से ले लेगा, हालांकि हथियारों को लाने- ले जाने के लिहाज से इसे और एवॉल्व करना होगा।

## शेखावटी के विधायक-प्रत्याशी बोले-यमुना जल समझौता जल्द धरातल पर उतरे, तभी चुनावों में फायदा मिल सकेगा

# पश्चिमी राजस्थान के विधायकों ने गिनाई पानी-बिजली की समस्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार दूसरे दिन भी सांसद-विधायक और प्रत्याशियों से संवाद किया। संवाद में शेखावटी के विधायकों ने सीएम से यमुना जल समझौते के काम में तेजी लाने की बात कही। विधायकों ने कहा कि यमुना जल का पानी शेखावटी लाने के लिए तेज गति से काम होना चाहिए। तभी आने वाले चुनावों में इसका फायदा मिल सकेगा। विधायकों ने कहा कि यमुना जल समझौता शेखावटी अंचल की पुरानी मांग थी। जिसे सरकार ने पूरा किया हैं। लेकिन अब इसके काम में तेजी लानी चाहिए। धरातल पर काम होता दिखना चाहिए। संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर-सिरोही, पाली, बीकानेर, श्रीगंगानगर, झुंझुंनू, सीकर, चूरू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, अजमेर और दौसा संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ संवाद हुआ। इसमें बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सीपी जोशी भी मौजूद रहे।

### पश्चिमी राजस्थान में बिजली-पानी की समस्या

संवाद कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान के विधायकों ने बिजली-पानी की समस्या को प्रमुखता से रखा। विधायकों ने कहा कि हमारे यहां पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो रही हैं। उन्होने इसमें सुधार की आवश्यकता बताई। वहीं विधायकों ने ईआरसीपी की तर्ज पर पश्चिमी राजस्थान के लिए डब्ल्यूआरसीपी योजना लाने की मांग भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने रखी।




### कांग्रेस कमीशन के लिए काम करती थी

मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के समुचित विकास के लिए हमने 200 विधानसभाओं में बिना किसी भेदभाव के बजट का प्रावधान किया। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास में विश्वास रखती है। जबकि पिछली कांग्रेस सरकार कमीशन के लिए काम करती थी। गत कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और कुशासन का बोलबाला रहा और पेपरलीक कर युवाओं के सपनों को रौंदने का काम किया। वहीं, हमारी सरकार के डेढ़ साल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। हमारी सरकार सुशासन के उच्चतम मापदंडों के अनुरूप कार्य कर रही है।

# जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति (एन-कोर्ड) की बैठक आयोजित

## नशाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर (एन-कोर्ड) की जिला स्तरीय बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने की। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने आबकारी विभाग को सख्त निर्देश दिए कि वे शराब बिक्री के नियमों का सख्ती से पालन कराएं। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में जाकर गोदामों और तय समय के बाद शराब बेचने वालों पर छापेमारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के साथ-साथ जिले में नशामुक्ति के लिए प्रभावी अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आम लोगों की भागीदारी और जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है।

### शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता-

कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और रोकथाम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण, चिकित्सा, और पुलिस विभागों को नशामुक्ति केंद्रों की नियमित जाँच करने और रिपोर्ट पेश करने को कहा।

### मेडिकल स्टोर्स पर निगरानी-

ड्रग इंस्पेक्टर और चिकित्सा अधिकारियों को मेडिकल स्टोर्स पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए और बिना डॉक्टर की पर्ची के दवा नहीं बेची जानी चाहिए। उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने के लिए नियमित जांच और अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई करने को कहा।

### पुलिस अधीक्षक ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने सड़क किनारे स्थित शराब ठेकों को नियमों के अनुसार सड़क से दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए।

# जयपुर जिले से 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा तीर्थ यात्रा का अवसर

- जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने निकाली ऑनलाइन लॉटरी
- देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद
- 526 सफल आवेदक हवाई जहाज से तो वहीं, 4 हजार 379 रेल से करेंगे तीर्थ यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मंगलवार को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की मौजूदगी में जिला प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफल आवेदकों की घोषणा की।

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं। उनके जीवनभर के अनुभव और आशीर्वाद से समाज व देश आगे बढ़ता है। सरकार का यह प्रयास है कि हमारे वरिष्ठ जन अपनी जीवन यात्रा के इस पड़ाव पर धर्म, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ सकें। तीर्थ यात्रा योजना न केवल धार्मिक स्थल दर्शनों का अवसर प्रदान करती है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के मनोबल को भी सशक्त करती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हवाई यात्रा एवं रेलयात्रा सहित प्रदेश के कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा का अवसर दिया जा रहा है, जिसमें से जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित होंगे। इनमें से 526 यात्री हवाई मार्ग से काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा करेंगे, जबकि 4 हजार 379 यात्री रेल मार्ग से विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करेंगे। योजना के तहत जयपुर जिले के कुल आवेदन 11 हजार 378 एवं कुल यात्री 18 हजार 423 प्राप्त हुए।

उन्होंने बताया कि रेल यात्रा के लिए चयनित वरिष्ठ नागरिकों को हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या-वाराणसी-सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी-वाराणसी-सारनाथ, मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरुपति-पदमावति, कामाख्या- गुवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णो देवी-अमृतसर-वाघा बोर्डर, गोवा के मंदिर एवं अन्य स्थल चर्च आदि, महाकालेश्वर-उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-ऐलोरा, बिहार शरीफ, पटनासाहिब पटनाबिहार, श्री हजुर साहिब नांदेड़ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों का दर्शन करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के यात्री अपने साथ एक अटेंडेंट ले जा सकते हैं। साथ ही, यदि पति-पत्नी में से एक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक और दूसरे की आयु 58 वर्ष है तो दोनों को एक साथ यात्रा की अनुमति है। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक चंद्रप्रकाश आक्या, जीवाराम चौधरी, अशोक कोठारी, प्रियंका चौधरी जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन और देवस्थान विभाग के अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) श्री रतनलाल योगी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## NH-48 पर 'लेन ड्राइव' अभियान की शुरुआत: सड़क सुरक्षा और व्यवस्थित यातायात पर जोर

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और अव्यवस्थित यातायात को रोकने के लिए सोमवार को लेन ड्राइव अभियान शुरू किया गया। यह ऐतिहासिक पहल पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के नेतृत्व में की गई।

### अभियान का क्रियान्वयन

अभियान के पहले ही दिन, पुलिस टीमों को अलवर तिराहे से शाहजहांपुर तक हाईवे पर तैनात कर दिया गया। यातायात नियंत्रण कक्ष से सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर लेन की निगरानी की जा रही है। भारी वाहनों को बाईं, मध्यम गति वाले वाहनों को बीच की और तेज गति वाले वाहनों को दाईं लेन में चलने की सख्त हिदायत दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और उनके वाहन भी जब्त किए जा सकते हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।

### जागरूकता सेमिनार

इस अभियान के तहत हंस कॉलेज के सभागार में एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें डीटीओ सुनील कुमार सैनी, वृताधिकारी राजेंद्र कुमार बुरड़क, थाना अधिकारी राजेश कुमार शर्मा और संस्था निदेशक उमेश कुमार बंसल ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ट्रक यूनियन के अध्यक्ष विनोद कसाना सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### कोकून हॉस्पिटल, जयपुर में हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी से स्वस्थ जुड़वां बच्चों का जन्म, उम्मीद की नई किरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी में माँ और बच्चे दोनों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी और विशेषज्ञ देखभाल की ज़रूरत होती है। जयपुर में एक दुर्लभ हाई-रिस्क केस ने एक परिवार को नई उम्मीद दी, जहाँ माँ ने छह असफल प्रयासों के बाद पहली बार स्वस्थ जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। कोकून हॉस्पिटल, जयपुर के डॉक्टरों की टीम द्वारा संभाला गया यह केस दिखाता है कि ऐसे जटिल मामलों में ऑब्सटेट्रिक्स एक्सपर्ट, उन्नत निगरानी और एन.आई.सी.यू की तैयारी कितनी महत्वपूर्ण होती है। माँ को गर्भावस्था के 23-24 हफ्ते में अस्पताल में भर्ती किया गया। उस समय उन्हें कई समस्याएँ थीं, जैसे कि गर्भाशय का मुँह 5 से.मी. खुल जाना और कोलेस्टेसिस ऑफ प्रेग्नेंसी (गर्भावस्था से जुड़ी गंभीर लिवर की समस्या), जो माँ और बच्चों दोनों के लिए खतरनाक हो सकती थी। उस समय जुड़वाँ बच्चों का वजन केवल 600 ग्राम और 800 ग्राम था और एक्सट्रीम प्री-टर्म डिलीवरी का खतरा था। लेकिन कोकून हॉस्पिटल, जयपुर की सीनियर कंसल्टेंट, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, डॉ. पंखुरी गौतम और उनकी टीम ने सावधानीपूर्वक इलाज और निगरानी कर इस जटिल गर्भावस्था को सफलतापूर्वक सम्भाला। डॉ. पंखुरी गौतम ने बताया, हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता थी गर्भावस्था को जितना संभव हो उतना समय तक सुरक्षित बनाए रखना, ताकि बच्चों को जीवन का बेहतर मौका मिले और माँ की सेहत भी पूरी तरह सुरक्षित रहे।

# ब्यावर में डिस्कॉम अध्यक्ष आरती डोगरा का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर,डिस्कॉम अध्यक्ष एवं जयपुर डिस्कॉम एमडी आरती डोगरा शुक्रवार को ब्यावर पहुंचीं। उन्होंने गोहाना स्थित जीएसएस का निरीक्षण कर सुरक्षा उपकरणों, नियमित रखरखाव व अभियंता कार्यालय की व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन एम.के. सिंघल, एईएन, जेईएन सहित तकनीकी कार्मिक मौजूद रहे।

# मार्बल एसोसिएशन ने उठाई जीएसटी घटाने की मांग, कहा- उद्योग संकट में

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक मंगलवार को एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें आगामी 3-4 सितम्बर को होने वाली जीएसटी काउंसिल बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री और राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेजकर मार्बल व ग्रेनाइट पर जीएसटी दर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग की गई।

अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि पूर्व में मार्बल पर केवल 5 प्रतिशत वैट ही लगता था। यदि वर्तमान जीएसटी दर को कम नहीं किया गया तो यह उद्योग संकट में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्बल-ग्रेनाइट कोई विलासिता की वस्तु नहीं है, बल्कि इसका उपयोग मकान, दुकानों, सार्वजनिक भवनों, रेलवे स्टेशन, अस्पताल और सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर होता है।

गंगावत ने कहा कि कोटा स्टोन और सेंडस्टोन पर मात्र 5त्न जीएसटी है, जबकि समान श्रेणी के मार्बल-ग्रेनाइट पर 18त्न दर तर्कसंगत नहीं है। विदेशी आयातित मार्बल पर 18त्न जीएसटी उचित हो सकता है, लेकिन स्वदेशी मार्बल पर 5त्न दर लागू की जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि महंगे मार्बल की वजह से उपभोक्ता अब सिरेमिक टाइल्स का विकल्प चुन रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं और सरकार के राजस्व पर भी असर पड़ रहा है। एसोसिएशन ने आशा जताई कि आगामी बैठक में राजस्थान सरकार इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगी।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मौर, सहसचिव नरेन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# दादाबाड़ी में आज मनेगा संवत्सरी पर्व, होगा बारसा सूत्र का वाचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के तहत सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में बुधवार को संवत्सरी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह पौषध और प्रतिक्रमण करने वाले तपस्वी यहां पहुंचेंगे और साध्वी विरलप्रभा श्रीजी, साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी एवं साध्वी कृतार्थप्रभा श्रीजी की निश्रा में बारसा सूत्र का वाचन एवं श्रवण करेंगे। दिनभर भक्ति और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलेगा तथा तपस्या करने वाले तपस्वियों का बहुमान किया जाएगा।

साध्वी विरलप्रभा श्रीजी ने कहा कि बारसा सूत्र प्राकृत भाषा में है, इसे समझने के लिए नहीं बल्कि श्रवण करने के लिए है। परमात्मा की वाणी का प्रत्येक शब्द एक मंत्र है, जिसका श्रवण मात्र से व्यक्ति के भीतर अद्भुत ऊर्जा का संचार होता है।

ट्रस्ट सचिव दलपत दोशी ने बताया कि मंगलवार को बारसा सूत्र बोहराने की बोलियां लगाई गईं, जिसमें श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर में भक्ति और दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

# एस.डी.राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता पर व्याख्यान आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर,एस.डी. राजकीय महाविद्यालय में राज्य महिला नीति 2021 एवं आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में मंगलवार को पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपाली लाल (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र) ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और प्लास्टिक पर नियंत्रण की महत्ता पर उन्होंने विस्तृत प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए, तभी स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अवेयरनेस, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंडिया की भूमिका पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जागरूकता केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं है बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. कामना सहाय और महिला नीति समिति संयोजक डॉ. वीना सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन डॉ. संध्या जयपाल ने किया तथा अंत में डॉ. अंजली जयपाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. पूजा देवन्दा, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. प्रतिमा खटुमरा, डॉ. आशा मीणा, डॉ. वंदना सुखाड़िया, डॉ. निशा बंसल, सुश्री लक्ष्मी सैनी एवं सुश्री संगीता मेहता सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# ब्यावर पुलिस ने चैन स्नैचिंग की गुत्थी सुलझाई

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, सोने की चैन व बाइक बरामद

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर शहर में हुई चैन स्नैचिंग की वारदात का ब्यावर पुलिस ने खुलासा कर दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल टीम व पुलिस थाना ब्यावर सिटी की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से सोने की चैन व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। दोनों आरोपी किशनगढ़ निवासी बताए जा रहे हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज हैं।

घटना 20 अगस्त को चमन चौराहे पर हुई थी, जब दो नकाबपोश बाइक सवारों ने एक महिला की गले से चैन तोड़कर फरार हो गए थे। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा आरपीएस व वृताधिकारी राजेश कसाना आरपीएस के सुपरविजन में गठित टीम ने वारदात का खुलासा किया।

### पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले

पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों को हुलिए के आधार पर चिह्नित किया। मुखबिरों की मदद व तकनीकी विश्लेषण से पुलिस ने किशनगढ़ में दबिश देकर दोनों को धरदबोचा। आरोपियों ने वारदात स्वीकार करते हुए चोरी की गई चैन व बाइक पुलिस के हवाले की।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

यश मोदनानी पुत्र नारायणदास मोदनानी, उम्र 20 वर्ष, निवासी लिंक रोड, मदनगंज किशनगढ़। दीपक उर्फ जादू यादव पुत्र



लालचंद, उम्र 20 वर्ष, निवासी कृष्णापुरी, मदनगंज किशनगढ़। पुलिस की इस सफलता से शहरवासियों में राहत की भावना है, वहीं लगातार बढ़ रही चोरी व स्नैचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने में यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# आज होगी मन्नत वाले राजा की ग्राण्ड ओपनिंग, प्रथम दर्शन रात 8:30 बजे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर लखारा चौक-मार्शल चौराहा रोड स्थित मन्नत वाले राजा की भव्य ग्राण्ड ओपनिंग आज होगी। प्रथम दर्शन रात्रि 8:30 बजे होंगे। इस अवसर पर बप्पा को अलौकिक एवं ऐतिहासिक स्वरूप में विशेष आभूषणों से सजाया जाएगा। मंडल संचालक विशाल जैन ने बताया कि इस बार बप्पा 16 भुजाओं के साथ विराजमान होंगे। उनके साथ 3 देवियों का अद्वितीय स्वरूप भी प्रस्तुत किया जाएगा, जो राजस्थान के इतिहास में पहली बार होगा। नासिक के ढोल-ताशों की गूंज और फायर शो के बीच बप्पा के दर्शन प्रारंभ होंगे। कार्यक्रम के दौरान 51 किलो लड्डू का भोग अर्पित किया जाएगा।

# दर्दनाक सड़क हादसा: ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में मां-बेटे की मौत, चालक फरार



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नारेडा-पावटा स्टेट हाईवे पर मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे हुए दर्दनाक हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया।

थानागाजी क्षेत्र के जोधावास निवासी रोशन (25) अपनी मां छोटी देवी के साथ बाइक से टोलड़ा रामपुरा जा रहा था। भोमिया चौराहे के पास सामने से आ रही तेज़ रफ्तार बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रोशन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल छोटी देवी को जयपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

राहगीरों की मदद से दोनों को पावटा उप जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रोशन को मृत घोषित कर दिया। मृतक रोशन जयपुर की एक कंपनी में सिलाई का काम करता था। उसकी तीन महीने पहले ही सगाई हुई थी। पिता हरफूल पोलियो पीड़ित होकर अपंग हैं।

मृतक के जीजा सुरेंद्र, निवासी टोलड़ा रामपुरा, ने बताया कि रोशन मां के साथ बहन के ससुराल जा रहा था, तभी हादसा हो गया।

हादसे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक और पुलिस की गश्त के बावजूद भारी संख्या में अवैध और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली बेरोकटोक गुजर रही हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में पुलिस की मिलीभगत के आरोप भी लगाए।

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए सेवा भारती चलाएगी नि:शुल्क कक्षाएँ

## 1 सितंबर से होगा शुभारंभ, अंग्रेज़ी- गणित- विज्ञान के विशेषज्ञ देंगे मार्गदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (नि.स.)।** सेवा भारती समिति की बैठक स्थानीय केशव नगर कार्यालय में जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कूलवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 सितंबर 2025 से बालिका आदर्श विद्या मंदिर, केशव नगर में अल्पआय वर्ग के कक्षा 8 और 10 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कक्षाएँ शुरू की जाएँगी। जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा %पुरुषोत्तम% ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों का शैक्षिक उन्नयन करना है। नगर मंत्री शंकर जिंदल ने कहा कि कक्षाओं में अंग्रेज़ी, गणित और विज्ञान विषयों के विशेषज्ञ एवं अनुभवी अध्यापक मार्गदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष बीना खंडेलवाल ने प्रकल्प का पोस्टर विमोचन किया। प्रकल्प प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों का पंजीयन प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक बालिका आदर्श विद्या मंदिर में किया जा रहा है।

नगर अध्यक्ष अशोक सोनी ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पंजीयन कराने की अपील की। बैठक में नगर उपाध्यक्ष प्रह्लाद टेलर, शंकर सैनी, राजेंद्र अग्रवाल, बनवारी गरेड़, नरेश जिंदल, आशा पारीक, अंजू मोहनपुरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, गोविंद राम मीणा रहे प्रथम



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** निकटवर्ती ग्राम पाथरेड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय के पुस्तकालय में मंगलवार, 26 अगस्त को प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गोविंद राम मीणा ने 84 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मनीष जाजड़ा और नीरज नागर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे, दोनों ने 83 अंक प्राप्त किए। वहीं रोहित कुमार शर्मा ने 78 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. पार्वती दीवान और डॉ. नीरज कुमार मीणा शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां आगे भी निरंतर आयोजित की जाएंगी, जिससे छात्रों की प्रतिभा निखरे और ज्ञानवर्धन हो। महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेंद्र सिंह ने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी तथा छात्रों को भविष्य में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. सुशीला ऐचरा, कुंदन मीणा, सचिन, अंकित और रविंद्र सहित कई संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# नवगठित रोटरी क्लब पन्नाधाय की कार्यकारिणी घोषित

## सुरभि खत्री बनीं अध्यक्ष, तारिका भानुप्रताप सचिव

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के तहत नवगठित रोटरी क्लब पन्नाधाय की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। क्लब संरक्षक भानु प्रताप सिंह धायभाई ने बताया कि क्लब की चार्टर अध्यक्ष के रूप में सुरभि खत्री और चार्टर सचिव के रूप में तारिका भानुप्रताप को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं राजेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

क्लब की टीम में राजेश शर्मा, अशोक पालीवाल, हेमंत धायभाई, हितेन मेहता, कुणाल यादव, कुणाल भटनागर, अनिल खेतान, दीपक पुरस्वानी, दिग्विजय सिंह, पंकज वीरवाल, विपिन जैन, कमल गौर, राजेंद्र कुमावत, पूनम अग्रवाल, राकेश कोठारी, भूपेश भावसार, मीनाक्षी भरवानी, शिखा बहल, रुखसाना साबुनवाला, योगेश पारीक, डॉ. ऋचा पुरोहित सहित कई सदस्य शामिल किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब पन्नाधाय शहर में विभिन्न सामाजिक एवं जनहित कार्यों के लिए सक्रिय रहेगा। क्लब का शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र ही भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।


# पीएफसी एजुकेशन ने मनाया 7वां स्थापना दिवस, यूएस-सीएमए कोर्स व मैगज़ीन का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** पीएफसी एजुकेशन ने अपना 7वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थान ने यूएस-सीएमए कोर्स की शुरुआत की और अपनी पहली मैगज़ीन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत पवार ने छात्रों को यूएस-सीएमए कोर्स और उसके भविष्यगत अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल कोर्स है, जो मैनेजमेंट अकाउंटिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट में करियर बनाने का अवसर देता है।

संस्थान की संस्थापक एवं निदेशक मीनाक्षी भेरवानी ने पहली मैगज़ीन का विमोचन किया। इसमें उनके जीवन परिचय के साथ-साथ संकाय सदस्यों गुंजन




वाधवानी और हुसैन अली बोहरा सहित अन्य टीम सदस्यों और छात्रों की रचनाएँ व लेख प्रकाशित किए गए हैं। स्थापना दिवस पर छात्रों के लिए ओपन माइक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें डांस, शायरी, पोएट्री और सॉन्ग जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। खुशी ठाकुरानी, लक्षिता सोमानी, रिधिमा लड्ढा, अक्षिता समदानी, रेनी समर, उन्नति जैन और पीयूष धाधिया ने नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि प्रणय अग्रवाल और गर्वित डाक ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को सुरीला बना दिया। शाहीन बानो ने कविता और शिक्षक हुसैन अली बोहरा ने शायरी से दर्शकों का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रेय सोमानी और सराक्षी जैन ने किया। इसे सफल बनाने में टीम वॉलंटियर्स—योकशित कर्दा, कविता भंसाली, हीरल कस्तूरी, शाहीन बानो, साकिना जरीवाला, यशिता, अलकमर बारोडावाला, होज़ेफ़ा पतवा, अभिषेक राठौड़, पीयूष धाधिया, दक्ष अग्रवाल और गर्विर डाक—की अहम भूमिका रही।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात, लापता जवान की सकुशल वापसी की मांग



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल सिंह शेखावत ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भेंट कर पावटा उपखंड के ग्राम भौनावास निवासी भारतीय सेना के लापता जवान भीमसिंह शेखावत की सकुशल वापसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि भीमसिंह शेखावत उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई प्राकृतिक आपदा के समय आर्मी कैंप हर्षिल घाटी में तैनात थे। पिछले तीन सप्ताह से उनका कोई संपर्क नहीं होने से परिजन गहरी चिंता में हैं। हालांकि प्रशासन और सेना की टीमें तलाश में जुटी हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

# सेवादल संस्थापक एन. एस. हार्डिकर की 50वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा मंगलवार को एच.एल. पैलेस, चांग चितार रोड पर सेवादल संस्थापक, स्वतंत्रता सेनानी एवं कांग्रेस के प्रख्यात राजनेता स्व. नारायण राव सुब्बाराव हार्डिकर की 50वीं पुण्यतिथि सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई।जिला प्रवक्ता ऋषि लांबा ने जानकारी दी कि श्रद्धांजलि सभा में स्व. हार्डिकर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला मुख्य संगठन बालूराम सेन ने उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हार्डिकर साहब देश की महान विभूतियों में से एक थे।इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी अशोक मूंदड़ा, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल पवार, एडवोकेट विक्रम सोनी, सोहन मेवाड़ा, मगन सोलंकी, विरधाराम सेनी समेत अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान 13 से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाले संगठन सृजन प्रशिक्षण अभियान के सहयोगी प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में प्रदेश सेवादल महासचिव सोहन मेवाड़ा, जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट उर्मिला कवरिया, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष राधिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शांति समिति बैठक आयोजित

## आगामी त्यौहार सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ ( नि.स )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्थी, जलझूलनी एकादशी, बारहवफाद, अनंत चतुर्दशी, नवरात्रि एवं दीपावली आदि को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि त्यौहार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। सभी धर्मों एवं समाज के लोग आपसी सहयोग और सद्भाव बनाए रखते हुए त्यौहार मनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत, विद्युत विभाग को बिजली के तारों को व्यवस्थित करने तथा भारत संचार निगम लिमिटेड को दूरसंचार लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने भी आगामी त्यौहारों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए और जनता से सहयोग की अपील की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि आने वाले सभी त्योहारों को हम सब मिलजुल कर भाईचारे से मनाएंगे।

# सहयोगिनियों ने मोबाइल एकेडमी कोर्स में रचा इतिहास, राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की आशा सहयोगिनियों ने राज्य और देश में बूंदी का नाम रोशन करते हुए मोबाइल एकेडमी कोर्स 100त्न पूरा करने में राजस्थान में पहला स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि बूंदी जिले के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य स्तर पर बूंदी की टीम को सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. सामर ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए मिशन निदेशक, एनएचएम, डॉ. अमित यादव ने बूंदी की टीम को पुरस्कृत किया। पुरस्कार डीपीएम राहुल माथुर और आशा समन्वयक तरुणा शर्मा ने अपनी टीम के साथ ग्रहण किया। डॉ. सामर ने जिले की सभी आशा सहयोगिनियों को बधाई दी और उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की।

### गर्भवती महिलाओं के लिए किलकारी सेवा

डॉ. सामर ने किलकारी सेवा के बारे में जानकारी दी, जिसके माध्यम से गर्भवती और प्रसूता महिलाओं को गर्भावस्था और उसके बाद की सावधानियों के बारे में नियमित वॉयस मैसेज भेजे जाते हैं। यह सेवा पीसीटीएस में पंजीकृत महिलाओं को चौथे महीने से लेकर शिशु के एक वर्ष तक कुल 72 संदेश भेजती है। संदेशों में प्रसव, एंटीनेटल केयर (ह्रष्ट), होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर , परिवार कल्याण और शिशु के पूर्ण टीकाकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होती है।

### मोबाइल एकेडमी से आशाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि

डॉ. सामर ने बताया कि डिजिटल इंडिया मिशन के तहत शुरू किए गए मोबाइल एकेडमी कोर्स से आशा सहयोगिनियों की कार्यक्षमता और ज्ञान में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। यह 240 मिनट का कोर्स 11 अध्याय और 44 पाठों में विभाजित है। कोर्स के माध्यम से आशाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और उनकी संचार क्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिली है। आशाएं अपने पंजीकृत फोन नंबर से 14424 डायल करके कभी भी और कहीं से भी यह कोर्स कर सकती हैं। इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है। बूंदी जिले की सभी आशा सहयोगिनियों ने इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा कर दिखाया, जो उनकी मेहनत और समर्पण का परिचायक है।

# माहेश्वरी सभा कराएगी निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा, अल्प एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा ने जिले में निवासरत अल्प एवं मध्यम आय वर्ग के माहेश्वरी परिवारों का स्वास्थ्य बीमा नि:शुल्क करवाने का निर्णय लिया है। जिला सभा के अध्यक्ष अशोक बाहेती ने बताया कि यह पहल अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी की प्रेरणा से और श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में की जा रही है। इस योजना के तहत भीलवाड़ा जिले के अल्प एवं मध्यमवर्गीय माहेश्वरी परिवारों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज के किसी भी सदस्य को गंभीर बीमारी होने पर निशुल्क उपचार सुनिश्चित करना और परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़ने देना है। जिला मंत्री रमेश राठी ने बताया कि समाजजनों का पंजीयन कराने के लिए आवेदन पत्र और गाइडलाइन सभी तहसील सभाओं को भेज दी गई हैं। इच्छुक समाजजन आवेदन पत्र की पूर्ति कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने तहसील अध्यक्ष या मंत्री को जमा करा सकते हैं। अर्थ मंत्री सुशील मरोटिया ने बताया कि इस योजना का प्रीमियम श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल सोसायटी द्वारा वहन किया जाएगा। समाजजन से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। नि:शुल्क बीमा के माध्यम से जिले के सभी अल्प एवं मध्यमवर्गीय माहेश्वरी परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा।

# श्री नाकोड़ा देवनारायण जी मंदिर में 27 अगस्त को भजन संध्या व रात्रि जागरण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ ( नि.स )।** महाराज की नेतावल के निकट पाचली गांव की मगरी पर स्थित श्री नाकोड़ा देवनारायण जी देव स्थल पर भादवा भक्ति मास के अवसर पर बुधवार, 27 अगस्त को एक शाम श्री देवनारायण जी के नाम भजन संध्या एवं रात्रि जागरण का आयोजन होगा। आयोजन में प्रसिद्ध राजस्थानी भजन गायक कमलनाथ योगी, भेरूलाल गाडरी, नारायण गुर्जर और बबलू पुजारी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में साउंड ऑपरेटर कालू अहीर ओडुंद तथा सोनसा ग्रुप के म्यूजिशियन भी मौजूद रहेंगे। भोपाजी हेमराज गुर्जर ने बताया कि रात्रि जागरण की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके अगले दिन गुरुवार, 28 अगस्त की सुबह धूप-दीप अनुष्ठान संपन्न होगा। लगभग 28 किलोमीटर दूर स्थित इस प्राचीन व चमत्कारिक मंदिर पर वर्षभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। मान्यता है कि यहां आधे तेल और आधे पानी से अखंड ज्योत निरंतर प्रज्वलित रहती है, और श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

# घर-घर विराजेंगे रिद्धि-सिद्धि के दाता, गणेश चतुर्थी पर उमंग का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां( टी.आर सैनी )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज से दस दिवसीय गणपति उत्सव का शुभारंभ हो गया। क्षेत्रभर में श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग का वातावरण देखा गया। नैनवां उपखंड क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। स्थानीय जजावर रोड पर गणेश प्रतिमा विक्रेताओं ने बताया कि इस बार लोगों में घर-घर प्रतिमा स्थापित करने का रुझान बढ़ा है। मांग को देखते हुए दुकानदारों ने 100 से 200 रुपये तक की छोटी प्रतिमाएं और 2 हजार से 12 हजार रुपये तक की बड़ी प्रतिमाएं उपलब्ध कराई हैं। मंगलवार शाम तक ही दो दर्जन से अधिक प्रतिमाएं श्रद्धालु घर ले जाकर स्थापित कर चुके हैं। पहले जहां गणेश स्थापना केवल शहर और कस्बों तक सीमित थी, वहीं अब यह परंपरा गांवों में भी तेजी से फैल रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, गणेश चतुर्थी माता पार्वती द्वारा भगवान गणेश की उत्पत्ति की तिथि मानी जाती है। इस दिन से दस दिनों तक भक्त अपने घरों में गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना और सेवा का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।

माना जाता है कि इन दिनों भगवान गणेश स्वयं भक्तों के घर पधारते हैं और रिद्धि-सिद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। श्रद्धालु प्रतिमा स्थापना के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। नैनवां कस्बे के बड़े तालाब नवल सागर के पश्चिमी हिस्से में स्थित कवेर नैनसिंह की छतरियों पर मंशापूर्ण गणेश महाराज की प्राचीन व आकर्षक प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है।

यहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। विवाह सीजन में तो हर बुधवार यहां मेले जैसा माहौल रहता है। गणेश मंदिर समिति ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर मंदिर को विशेष सजावट और रोशनी से सजाया जाएगा। अनंत चतुर्दशी तक भक्तों की भीड़ यहां लगातार बनी रहती है और इस अवधि में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को मोदक का प्रसाद वितरित किया जाता है। दस दिन तक चलने वाले इस पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन के साथ होगा। भक्त गणपति बप्पा को विदाई देते हुए अगले वर्ष पुनः आने का आग्रह करेंगे।

# गोपाल गौ सेवा दल ने गौशाला के लिए जमीन आवंटन का ज्ञापन दिया



बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कस्बे के श्री गोपाल गौ सेवा दल के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने आज स्थानीय ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर गौशाला के लिए जमीन आवंटन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सरपंच की अनुपस्थिति में ज्ञापन सरपंच प्रतिनिधि मधु नागर को दिया गया। गौ सेवा दल के सदस्यों के अनुसार, जजावर में पर्याप्त सिवायचक भूमि और चरागाह उपलब्ध है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर अतिक्रमण होने के कारण गौवंश लावारिश हालत में इधर-उधर भटक रहा है। आए दिन गौवंश हाईवे पर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है।

इसलिए क्षेत्र में गौशाला का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि लावारिश गौवंश की सुरक्षा और उचित देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

ज्ञापन में दल ने निवेदन किया कि गौशाला के लिए जल्द से जल्द जमीन आवंटित की जाए। इस अवसर पर गोपाल गौ सेवा दल के गौतमप्रसाद शर्मा, पारस गुर्जर, दीपक सैन, हेमंत सैनी, नेतराम गुर्जर, हर्षवर्धन, चेतराम नागर सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव

## भजन संध्या और शोभायात्रा में उमड़ा उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** लोकदेवता श्री बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव नगर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रैगर मोहल्ला वार्ड नं. 2 में रविवार को आयोजित भजन संध्या और सोमवार को निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या में भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। धार्मिक भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। सोमवार को रेगर समाज के संयोजन में नगर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जयकारों और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैगर मोहल्ला स्थित श्री बाबा रामदेव जी मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का विशेष वातावरण रहा।

# मौसमी बीमारियों को लेकर बीसीएमओ ने किया विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** मौसमी बीमारियों को देखते हुये मंगलवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिमनपुरा, बखराना एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बनका व रायकरणपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान घर-घर जाकर मच्छर जनित बीमारियों के नियन्त्रण हेतु डोर टू डोर की गयी गतिविधियों को करोस चैक किया। साथ ही मौसमी बीमारियों को देखते हुये ज्यादा से ज्यादा ओपीडी में मलेरिया स्लाईडां का फिल्ड में दायरा बढ़ाने, गत वर्ष में मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया केसेज के आधार पर हाई रिस्क क्षेत्र को चिन्हित करने, घर-घर बुखार के रोगियों का सर्वे कर रक्त पट्टिकाओं का संचरण करने, सोर्स रिडक्शन एन्टीलार्वा गतिविधियां करने, स्वास्थ्य केन्द्रों पर लार्वा प्रदर्शन कर आईईसी गतिविधियां करने एवं गणमान्य व जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देष दिये।

# अब भी अस्त-व्यस्त जनजीवन

## विधायक चांदना ने लिया हालात का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां( टी.आर सैनी )।** नैनवां क्षेत्र में लगातार बारिश से बने बाढ़ जैसे हालात के कारण जनजीवन अब तक सामान्य नहीं हो पाया है। कस्बे के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है, खेतों में पानी भरा रहने से किसान मायूस हैं और मवेशियों के लिए चारा बारिश में खराब हो गया है। कई कच्चे और पक्के मकानों में दरारें पड़ जाने से उनके ढहने का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि मंगलवार को रुक-रुक कर हुई हल्की बारिश से लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की, लेकिन बीते दो दिनों में हुई भारी बारिश ने क्षेत्रवासियों को डरा दिया है।

### विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक अशोक चांदना कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नैनवां पहुंचे। एक निजी गार्डन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्होंने बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद वे मुख्य बाजार और नैनवां के तीनों तालाबों का दौरा कर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे। विधायक ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने उन्हें तालाबों की क्षतिग्रस्त पाल, जर्जर सड़कों, ढहे हुए मकानों-दुकानों और जलभराव से बेघर हुए परिवारों की स्थिति से अवगत कराया।

### मुआवजा और पुनर्निर्माण का आश्वासन

चांदना ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बाढ़ प्रभावितों को उचित मुआवजा दिलाने और क्षतिग्रस्त सड़कों व तालाबों की मरम्मत के लिए बजट उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे।

साथ ही चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया तो वे आमजन के साथ आंदोलन करेंगे।

विधायक के दौरे के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# कजली तीज महोत्सव में 'स्टार नाइट', अंजलि अरोड़ा और अन्य कलाकारों ने बिखेरी कला





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** कजली तीज महोत्सव-2025 के अवसर पर 24 अगस्त को मेला मंच पर भव्य 'स्टार नाइट' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फिल्मी दुनिया की जानी-मानी हस्तियां अंजलि अरोड़ा, अमृता प्रकाश और सुमन गुप्ता ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। अंजलि अरोड़ा, जो अपनी अभिनय क्षमता और सोशल मीडिया की लोकप्रियता के लिए जानी जाती हैं, ने 'दिल पर चलाई छुरियां', 'छम्मक छल्लो', पहन के में लाल सूट सहित कुछ राजस्थानी मिक्स सॉन्ग पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। उनके ऊर्जावान डांस ने माहौल को जीवंत कर दिया।
हालांकि, दर्शक उनके 'कच्चा बादाम' गाने पर डांस का इंतजार कर रहे थे, जो उन्हें निराशा ही हुई।सुमन गुप्ता ने पल्लो लटके, नगाड़ा संग ढोल बाजे और नैनों वाले ने छेड़ा जैसे गानों पर अपनी दमदार प्रस्तुति दी, जबकि अमृता प्रकाश ने आजा नचले, रात बड़ी मस्तानी और पूरा लंदन ठुमकता गानों के साथ दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अतिथियों का सम्मान और उद्घाटन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और ऑयल इंडिया लिमिटेड के बोर्ड डायरेक्टर मोतीलाल मीणा उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा और भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा ने भी मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। नगर परिषद सभापति व मेला संयोजक सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा सहित कई पार्षदों और भाजपा पदाधिकारियों ने अतिथियों को माला, शॉल और साफा पहनाकर सम्मानित किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नूपुर मालव, भाजपा जिला प्रवक्ता निर्मल मालव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता राजकुमार दाधीच ने किया।

# गणेश चतुर्थी पर्व के तहत आज कपासन क्षैत्र के घरों एवं विभिन्न स्थलों पर विधि-विधान के साथ गणपति बप्पा विराजेंगे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में आज बुधवार से चहुंओर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की भक्ति के महापर्व दस दिवसीय गणेश चतुर्थी का शुभारंभ होगा।जिसमे गणपति बप्पा विधि-विधान के साथ घर-घर में विराजेंगे। जानकारी अनुसार शिवशक्ति पुत्र एवं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की भक्ति एवं आराधना के महापर्व गणेश चतुर्थी का आज बुधवार से विधिवत शुभारंभ होगा। जिसमे क्षेत्र के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को शुभ मुहूर्त में विधि-विधान स्थापित की जायेगी।साथ ही भक्तों द्वारा दस दिवसीय गणेश चतुर्थी पर्व के तहत प्रतिदिन भगवान श्री गणेश जी का आकर्षक श्रृंगार कर विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग धराकर प्रसाद को भक्तों में वितरित किया जायेगा। इधर कपासन नगर में विभिन्न स्थलों पर दस दिवसीय गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।यहां नगर में भक्तों द्वारा विभिन्न स्थलों पर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की आकर्षक एवं मनमोहक प्रतिमाओं की शुभ मुहूर्त में विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की जायेगी।साथ ही आकर्षक विद्युत साज सजावट से सजे पांडालों में मुख्य रूप से गरबा नृत्य सहित विभिन्न कार्यकम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।नगर के लोड़किया चौक,खादी भंडार,कृष्ण सुदामा चौक,आदर्श कॉलोनी,नंदवाना कॉलोनी, इत्यादि स्थलों पर गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर आयोजन स्थलों पर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया गया।

क्षेत्रीय भक्त एवं श्रद्धालुओ में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का गणपति बप्पा मोरिया आदि जयकारों के साथ स्वागत करने का उत्साह बना हुआ है।

# महंत बलवीर गिरि महाराज का भव्य स्वागत, शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विधायक अशोक कोठारी के मार्गदर्शन में प्रयागराज लेटे हनुमानजी मंदिर के महंत श्री बलवीर गिरि महाराज का विधायक कार्यालय पर महंत बाबूगिरि महाराज और कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी के सानिध्य में भव्य स्वागत किया गया। इसी अवसर पर शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण और भक्तिगीत से हुई। गौवत्स लालजी महाराज, जैन कॉन्फ्रेंस प्रान्तीय अध्यक्ष आनंद चपलोत, प्रदीप सांखला सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संतजनों को शॉल और उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आशीर्वचन में बलवीर गिरि महाराज ने कहा कि ईश्वर उसी भक्त को प्रिय है जो भावपूर्ण श्रवण करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शिव कथा का ध्यानपूर्वक श्रवण करें और धर्मलाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर विधायक कार्यालय की ओर से भी महाराज का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल टाक ने किया और राष्ट्रगान के साथ इसे समापन किया गया। तत्पश्चात गौ मित्र मंडल के सरक्षक बिलेश्वर डाड और अमन शर्मा के नेतृत्व में गौ-ग्रास कराते हुए गौ सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बद्रीलाल सोमानी, दुर्गालाल सोनी, राजेश कुदाल, सत्यनारायण गूगड़, संजय राठी, कमल कोठारी, भवानी शंकर दूदानी, अभिजीत सारडा, शरद सिंह चौहान, दुर्गा प्रसाद शर्मा, दिनेश विजयवर्गीय, रामेश्वर ईनाणी, ललित सोमानी, शैलेन्द्र बिड़ला, अर्पित चौधरी, गोपीकिशन पाटोदिया, मनोज शर्मा, हिमांशु शुक्ला, प्रमोद तोषनीवाल, शिव ईनाणी, विश्वनाथ प्रतापसिंह, हर्षित शर्मा, अक्षत व्यास, योगेश खंडेलवाल, लक्ष्मण, सुंदरलाल बम्बोड़ा, गजेन्द्र सिंह राठौड़, गिरीन्द्र मिश्रा, पवन लोढा, दिनेश सुथार, हीरा लाल गुर्जर, प्रिंस जैन, अजय पाराशर, प्रताप सिंह, पीयूष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# जम्मू में लैंडस्लाइडः धौलपुर के पांच युवक बह गए, तीन लापता; दो ने पेड़ पकड़कर बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** किशनपुर-डोमेल रोड पर गरनई लोटा के पास मंगलवार को हुए भूस्खलन (लैंडस्लाइड) में धौलपुर (राजस्थान) के पांच युवक तेज बहाव में बह गए। इनमें से तीन युवक लापता हैं, जबकि दो ने तैरकर पेड़ का सहारा लेकर अपनी जान बचा ली। हादसे में यश गर्ग पुत्र शशिकांत गर्ग, प्रांशु पुत्र सुनील मित्तल और शिव बंसल पुत्र विनोद बंसल लापता हैं। वहीं, आदित्य पुत्र हरिओम परमार और दीपक मित्तल पुत्र विष्णु मित्तल सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, ये सभी युवक 23 अगस्त को धौलपुर के सैंपऊ कस्बे से वैष्णो देवी के दर्शन के लिए निकले थे। मंगलवार को लौटते समय जब वे कटरा से जम्मू जा रहे थे, तभी अचानक पहाड़ से पत्थर और मलबा गिरने लगा। युवक बचने के लिए नीचे उतरे, लेकिन तेज पानी के बहाव में फंस गए। हादसे के करीब दो घंटे बाद एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। सुरक्षित युवकों से जानकारी लेने के बाद लापता तीनों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## परिजनों में कोहराम

घटना की सूचना मिलते ही धौलपुर के सैंपऊ कस्बे में मातम छा गया। परिजन तुरंत जम्मू के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों ने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित परिजन कुंज बिहारी ने बताया, हमारे पांच बच्चे वैष्णो देवी गए थे। वापसी में हादसे का शिकार हो गए। दो बच्चे किसी पेड़ से टकराकर रुक गए और उन्होंने फोन कर हमें घटना की जानकारी दी। लेकिन तीन बच्चों का अभी तक कोई सुराग नहीं है।

बताया गया कि यश गर्ग और प्रांशु बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र हैं और पढ़ाई के साथ-साथ अपने पिता के व्यापार में भी सहयोग करते थे। सैंपऊ थाना प्रभारी वीरेंद्र मीना ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एसडीएम कर्मवीर सिंह भी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।



# हृदय रोग कार्यशाला में जागरूकता का संकल्प

## संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा चल रही नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं की वार्षिक श्रृंखला के तहत हृदय रोगों से बचाव एवं चिकित्सा में आयुर्वेद की भूमिका विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. यशपाल सिंह और उपाधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर हृदय रोगों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों वाले फोल्डर का विमोचन किया गया। साथ ही, निर्णय लिया गया कि आमजन को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन और जगह-जगह सचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने कहा कि हृदय रोगों की मुख्य वजह अनियमित जीवनशैली और असंतुलित खान-पान है। उन्होंने बताया कि यदि ऋतुओं के अनुसार संतुलित आहार लिया जाए, योग-व्यायाम को दिनचर्या में शामिल किया जाए और तनावमुक्त रहना सीखा जाए तो हृदय रोगों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप शर्मा, डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. शैलेश शर्मा, डॉ. श्यामवीर घुरैया, डॉ. मनीषा गुर्जर, डॉ. मोहन स्वरूप शर्मा, डॉ. राजकुमार झा, डॉ. प्रियंक शर्मा, डॉ. प्रीति चौधरी और डॉ. अरविन्द शर्मा ने हृदय रोगों से बचाव में अपने अनुभव साझा किए।

# परिवहन विभाग का ओवरलोड वाहनों पर समझाइश अभियान

## नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से मेलों के चलते ओवरलोड और नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर विशेष समझाइश अभियान चलाया गया।

जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के निर्देशन में निगरानी दलों ने उन चालकों को चेतावनी दी, जो माल वाहनों का उपयोग यात्री ढोने के लिए कर रहे थे। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही मिलने पर संबंधित वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी और वाहन जब्त भी किए जाएंगे।

अधिकारियों ने बताया कि यदि माल वाहनों में यात्रियों को ढोते समय कोई दुर्घटना होती है तो बीमा कंपनियों के नियमों का भी उल्लंघन माना जाएगा और पीड़ितों को बीमा का लाभ नहीं मिल पाएगा। अभियान के दौरान विभाग ने दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए। परिवहन विभाग ने चेताया है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों और चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# राजस्थान लोक सेवा आयोग की बड़ी कार्रवाई

## 415 अभ्यर्थी आजीवन भर्ती परीक्षाओं से डिबार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** पात्र अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा और भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ने सख्त कदम उठाते हुए 524 संदिग्ध व अपात्र अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षाओं से डिबार कर दिया है। इनमें से 415 अभ्यर्थियों को आजीवन प्रतिबंधित किया गया है, जबकि 109 अभ्यर्थियों को एक से पाँच वर्ष तक के लिए परीक्षाओं में शामिल होने से रोका गया है। जारी सूची के अनुसार सबसे अधिक 128 अभ्यर्थी जालौर जिले से डिबार किए गए हैं। इनके अलावा 81 अभ्यर्थी बांसवाड़ा और 40 डूंगरपुर जिले से हैं। यह कार्रवाई फर्जी दस्तावेज़ों, परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल और डमी कैंडिडेट जैसी गंभीर अनियमितताओं में लिप्त पाए जाने पर की गई है। अब तक 157 मामलों में फर्जी डिग्री व दस्तावेज़ सामने आए हैं, जिनमें अकेले 126 मामले फर्जी बीएड डिग्री से जुड़े हैं। 148 मामलों में परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग हुआ, जबकि 68 अभ्यर्थी डमी कैंडिडेट के रूप में पकड़े गए। इसके अलावा ब्लूटूथ और मोबाइल जैसी तकनीक से नकल करने के 38 मामले, प्रश्नपत्र व ओएमआर शीट के दुरुपयोग के 62 मामले और गलत सूचना देने या परीक्षा में व्यवधान डालने जैसे 51 मामले सामने आए हैं। आयोग ने बताया कि डिबार किए गए 524 अभ्यर्थियों में से 514 राजस्थान से हैं, जबकि 10 अन्य राज्यों से संबंधित हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के पाँच, हरियाणा के दो, बिहार, दिल्ली और मध्य प्रदेश से एक-एक अभ्यर्थी शामिल है।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवारा गोवंश को पहनाई गई रेडियम बेल्ट

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए न्याय विभाग और पुलिस ने सोमवार को एक अभिनव पहल की। शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा गोवंश को अधिकारियों ने रेडियम बेल्ट पहनाई। अभियान का नेतृत्व न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता गहलोत और सदर थाना अधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। यह अभियान मां रुक्मिणी देवी विकास सेवा संस्थान के सहयोग से बयाना रोड और स्टेशन रोड पर संचालित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि रात के समय अक्सर सड़क पर आवारा गोवंश के कारण दुर्घटनाएँ हो जाती हैं। रेडियम बेल्ट पहनाने से अंधेरे में भी मवेशी दूर से दिखाई देंगे, जिससे वाहन चालकों को सावधानी बरतने में आसानी होगी और हादसों की आशंका कम होगी। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक सदस्य सत्येंद्र शर्मा और शशिकांत शर्मा मौजूद रहे। न्यायिक क्षेत्र से महेश गर्ग, चेतराम, रवि शर्मा, पलाश सिंगल और पुष्पेंद्र शर्मा, जबकि पुलिस विभाग से हितेश गोयल, कांस्टेबल संजय, प्रधान और हेमेंद्र सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने पिपलांत्री में देखा पर्यावरण संरक्षण का अनूठा मॉडल

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर मंगलवार को राजसमंद जिले के पिपलांत्री गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए नवाचारों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण किया और ग्रामवासियों से संवाद भी किया।



कार्यक्रम में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी व बंशीलाल खटीक, प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, समाजसेवी मान सिंह बारहठ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने कहा कि लगभग 20-22 वर्ष बाद पिपलांत्री आने का अवसर मिला है और यहां हुआ व्यापक परिवर्तन अद्भुत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण तभी सफल हो सकते हैं जब प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी भागीदारी निभाए। श्री माथुर ने सिक्किम राज्य की भौगोलिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए वहां की ग्राम पंचायतों द्वारा पर्यावरण क्षेत्र में किए गए प्रयासों को भी साझा किया।

इस अवसर पर पिपलांत्री मॉडल के सूत्रधार पर्यावरणविद श्यामसुंदर पालीवाल (पद्मश्री) ने जानकारी दी कि अब तक गांव में 14-15 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। पहले यहां भूजल स्तर बेहद नीचे था और पानी का संकट था, लेकिन तालाबों और कुओं के संरक्षण से अब यह समस्या हमेशा के लिए दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और भामाशाहों के सहयोग से गांव में पलायन रुका है, रोजगार बढ़ा है, डेयरी व्यवसाय फल-फूल रहा है और पिपलांत्री इको-टूरिज्म का केंद्र बन रहा है। राज्यपाल माथुर ने सभी से आह्वान किया कि वे श्यामसुंदर पालीवाल के प्रयासों से प्रेरणा लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दें।

राजसमंद प्रवास के दौरान राज्यपाल ने ग्राम गढ़बोर स्थित प्रभु श्री चारभुजानाथ मंदिर में भी दर्शन किए, जहां मंदिर पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने उनका परंपरागत स्वागत किया।

# मोहम्मद रज़ा खान भारतीय अंडर-16 बास्केटबॉल टीम में एशिया कप के लिए चयनित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित होने वाले एशिया कप 2025 अंडर-16 साबा बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान निवासी मोहम्मद रज़ा खान का भारतीय टीम में चयन हुआ है। रज़ा खान ने पहले ही मालदीव में साबा टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर बनकर अपनी प्रतिभा साबित कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। मोहम्मद रज़ा खान वर्तमान में जैसलमेर बास्केटबॉल अकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं और 29 जुलाई से नई दिल्ली में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान ही उन्हें और अन्य 12 सदस्यों को भारतीय टीम के लिए चयन की सूचना दी गई। चयन की खुशी में रज़ा ने सबसे पहले अपने अकेडमी के कोच राकेश विश्नोई को जानकारी दी और तत्पश्चात अपने माता-पिता शब्बीर हुसैन खान और ताहिरा बानू को बताया। भारतीय टीम 29 अगस्त को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उलानबटार के लिए रवाना होगी। 16 वर्ष की उम्र में एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में खेलना रज़ा के लिए पहला अनुभव है और वे शाहपुरा, भीलवाड़ा के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह कीर्तिमान स्थापित किया है। राजस्थान से गंगानगर के अमन मरोटिया का भी भारतीय टीम में चयन हुआ है। राकेश विश्नोई ने बताया कि रज़ा का चयन उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब से रज़ा अकेडमी में आया है, उनकी प्रतिभा स्पष्ट थी और सही नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से वह टीम के स्टार प्लेयर बन गए हैं।

# दौराई में 72 अलम और 72 ताबूतों की जियारत

## कर्बला की याद में उमड़ा जनसैलाब



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** अजमेर ज़िले के निकटवर्ती ग्राम दौराई में अंजुमन-ए-शहीदाने फुरात की ओर से कर्बला की शहादत की याद में 72 अलम और 72 ताबूतों की जियारत का आयोजन सोमवार देर रात बड़े ही श्रद्धा और भावपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीबी ज़ैनब के रोज़े पर मौलाना सैय्यद बिलाल काज़मी ने मजलिस को संबोधित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र जनसैलाब में तब्दील हो गया। मौलाना सैय्यद तकी जाफ़र ने बताया कि दौराई में हर साल कर्बला के शहीदों की याद में यह आयोजन होता है। 72 अलम और 72 ताबूतों की जियारत का विशेष महत्व है, जो इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी का प्रतीक है। आयोजन के बाद बाहर से आई अंजुमनों ने नौहा पढ़ा और मातम किया। माहौल ग़मगीन और भावुक हो गया। मजलिस के समापन के बाद सभी आशिक़ान-ए-इमाम हुसैन को लंगर वितरित किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

दौराई का यह आयोजन हर साल हज़ारों लोगों को एकजुट करता है और कर्बला के शहीदों की याद को जीवित रखता है।

# दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर मूकबधिर विद्यालय में अल्पाहार वितरण



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिव वरदान द्वारका नगर सेवा केंद्र द्वारा आदरणीय राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वैशाली नगर स्थित मूकबधिर विद्यालय में विद्यार्थियों को अल्पाहार पैकेट वितरित किए गए। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रूपा बहन ने बताया कि दादी जी पवित्रता, सत्यता और नम्रता की प्रतिमूर्ति थीं। उनके कुशल नेतृत्व एवं प्रशासनिक क्षमता से ब्रह्माकुमारीज की सेवाएं विश्व के 140 देशों में विस्तार पाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संत कुमार ने विद्यार्थियों को दादी जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी और ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दादी जी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन, योगिता बहन, शंकर भाई, जी. हिना नवलानी, पवन कुमार सहित लगभग 140 विद्यार्थी और 10 स्टाफ सदस्य सम्मिलित हुए।

# ज़िला कलक्टर का भुसावर दौरा: राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण और वसूली प्रगति पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** ज़िला कलक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को भुसावर उपखंड कार्यालय का दौरा कर राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों, राजस्व वसूली एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा बैठक की। कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीएमओ, संपर्क पोर्टल और लोकायुक्त से प्राप्त पत्रों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया।



पंजीयन एवं मुद्रांक वसूली प्रकरणों में प्रगति लाने, मौका निरीक्षण बढ़ाने और ऑनलाइन म्यूटेशन के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इजराय, नामांतरण, सीमाज्ञान, भूमि रूपांतरण, गैर खातेदारी से खातेदारी और सीलिंग प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।

सभी उपखंड अधिकारी नियमित रूप से कोर्ट केसों की सुनवाई करें और भूमि आवंटन के प्रस्ताव समय पर भेजें। कलक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली के लक्ष्यों को तय समय पर हासिल करना अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने लोकायुक्त, सीएमओ और स्टार प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, एमपी व विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों को समय पर पूर्ण कराने और निरीक्षण गतिविधियों को गति देने के निर्देश भी दिए।

## कृषि महाविद्यालय का निरीक्षण

भुसावर प्रवास के दौरान कलक्टर ने निर्माणाधीन कृषि महाविद्यालय का भी दौरा किया और चल रहे सिविल कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण और तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कॉलेज परिसर में मोलसरी का पौधा लगाया। डॉ. उदय भान सिंह ने कलक्टर को कॉलेज की प्रगति और मौजूदा समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अकादमिक और प्रशासनिक भवनों के साथ दोनों छात्रावासों का निर्माण पूरा हो गया है और जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीना, तहसीलदार अभयराज सिंह, डीन डॉ. उदय भान सिंह सहित अन्य अधिकारी और शिक्षाविद मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय व्यापार संघ की बैठक आज, व्यवस्थाओं को लेकर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिला व्यापार महासंघ की कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में बजाज एजेंसी पर आयोजित हुई। बैठक में जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल, जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज, जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा, जिला सह महामंत्री प्रदीप शर्मा, संगठन मंत्री बंटू भाई, मनीष मेहरा, राकेश मित्तल, विष्णु जैन, अंजुम सिंघल, गौरव सिंघल और ऑटोमोबाइल अध्यक्ष मोहन जी सहित कई सदस्य मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी 28 अगस्त, गुरुवार सुबह 11 बजे आदित्य रिसॉर्ट, घना रोड पर होने वाली जिला स्तरीय मीटिंग की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में जिले के सभी शहर और तहसीलों के व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री एवं महासंघ की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में व्यापारिक समस्याओं के साथ-साथ जिले में आ रही दिक्कतों और आगामी तीन वर्षों में होने वाले विशाल व्यापारिक सम्मेलन पर भी चर्चा होगी।



कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन सायं 5 बजे व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर यूडी टैक्स से संबंधित खामियों पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शहर में चल रहे विकास कार्यों—जैसे फ्लाईओवर, सड़क, नालों और अतिक्रमण—को लेकर भी चर्चा हुई।

कलेक्टर ने दुकानों के आगे सामान रखकर किए जा रहे अतिक्रमण पर नाराजगी जताई और जल्द ही ऐसे व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** राजनगर थाना क्षेत्र के गोमती-उदयपुर फोरलेन पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 11 बजे देवधड़ी के पास हुआ।मृतक की पहचान सुरेश कुमावत (50) पुत्र वजेराम कुमावत निवासी देवधड़ी के रूप में हुई है। तेज रफ्तार बस से टक्कर लगने के बाद उसकी बाइक बस के आगे वाले हिस्से में फंस गई और सुरेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही राजनगर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और आक्रोश जताते हुए जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं लेकिन सुरक्षा उपायों की अनदेखी की जा रही है। बाद में रोडवेज कर्मचारियों और टोल मैनेजमेंट की ओर से समझाइश के बाद लोगों ने जाम हटाया।

# संवेदनशीलता के साथ प्रयास कर अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाएं राहत

## जल भराव के कारणों का अध्ययन कर वैकल्पिक उपाय सुझाएं-लोकसभा अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ प्रयास करें कि कोटा-बूंदी जिले में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को अधिक से अधिक सहायता एसडीआरएफ नॉर्म्स के तहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को कैसे राहत पहुंचाई जाए, इस दिशा में हर संभव कोशिश की जाए। श्री बिरला ने कहा कि हाल ही में दोनों जिलों में आई बाढ़ में जिन परिवारों के घर पानी में डूब गए और सबकुछ बह गया, उन्हें जन सहयोग के माध्यम से राशन सामग्री, कपड़े, बर्तन, बिस्तर आदि उपलब्ध कराए जाएं ताकि उनका जीवन फिर से सामान्य हो सके। लोकसभा अध्यक्ष मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को पहुंचाई जा रही राहत की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में मकानों, पशुओं एवं फसलों को हुई क्षति का सर्वे पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाएं। सभी उपखंड अधिकारी अपने ब्लॉक में पटवारियों को यह निर्देश प्रदान करें कि एसडीआरएफ के तहत मकान की क्षति के लिए मिलने वाली सहायता राशि के आवेदन के समय प्रभावितों से जमीन का पट्टा नहीं मांगा जाए क्योंकि नॉर्म्स के तहत पट्टा मांगने का कोई प्रावधान नहीं है। बिरला ने कहा कि घास-फूस एवं पत्तियों से बनी झोंपड़ी के अलावा जिन घरों की दीवारें बनी हुई थी और छप्पर डला हुआ था उन्हें कच्चे मकान की श्रेणी में सहायता दिलाई जाए। साथ ही, बर्तनों की क्षति के ढाई हजार, कपड़ों की क्षति के ढाई हजार तथा पारम्परिक व्यवसाय करने वाले कारीगरों को औजारों की क्षति के पांच हजार रुपये दिलाने का प्रयास किया जाए ताकि उन्हें अतिरिक्त सहायता मिल सके। प्रयास किए जाएं कि जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें अधिक से अधिक सहायता मिल सके।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि कई स्थानों पर पानी की निकासी बंद होने के कारण पानी गांव एवं बस्तियों में भर गया। इस संबंध में पटवारी, ग्राम सेवक एवं ग्राम पंचायत सदस्यों से रिपोर्ट लेकर जल भराव के कारणों का अध्ययन किया जाए।



### फसल खराबे का अधिक से अधिक मुआवजा मिले

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अतिवृष्टि से कारण सोयाबीन एवं उड़द की फसलों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। श्री बिरला ने लघु एवं सीमान्त कृषकों को एसडीआरएफ के तहत फसल खराबे का अधिक से अधिक का मुआवजा दिलाने, भारी बारिश के कारण सड़कों पर बने गड्ढे भरने का कार्य शीघ्र शुरु करने, ड्रेनेज सिस्टम चेक करने, बाढ़ प्रभावितों को भामाशाहों एवं सामाजिक संस्थाओं की मदद से खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने, जहां बिजली व्यवस्था ठप हुई है वहां बिजली सुचारु करने, पीने के पानी की व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से करने, जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें शीघ्र सहायता राशि दिलाने के लिए पटवारी के माध्यम से जल्दी प्रस्ताव मंगवाने सहित अन्य निर्देश जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारियों को दिए। उन्होंने किसानों को उर्वरकों के साथ अटैचमेंट दे रहे डीलरों के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। बैठक में संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर कोटा पीयूष समारिया, लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवाड़ी, एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, आयुक्त नगर निगम दक्षिण अनुराग भार्गव, आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह सहित कोटा एवं बूंदी जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामगंजमंडी: पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदला, युवक और महिला घायल



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** खैराबाद कस्बे में सोमवार सुबह एक पारिवारिक विवाद अचानक हिंसक झगड़े में बदल गया। मामूली कहासुनी के दौरान धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिसमें ताहीर हुसैन और उनकी बहन आशा बी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए रामगंजमंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल ताहीर हुसैन ने आरोप लगाया कि मृतक वजीर हुसैन की पत्नी का पास ही रहने वाले युवक से अवैध संबंध थे। वजीर हुसैन की मौत के कुछ महीने बाद दोनों ने शादी कर ली और आरोपी युवक अब वजीर हुसैन के घर पर ही रहने लगा ।

इसी कारण परिवार में लंबे समय से तनाव बना हुआ था। सोमवार सुबह मृतक की मां और वजीर हुसैन का भाई इंदौर से आया और अपने भाई के घर पहुंचे , तो मामूली बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान घायल ताहीर हुसैन ने थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज करवाई। थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर स्त्वक्र दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की जांच जारी है।

## लायंस क्लब द्वारा नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर, 150 मरीजों ने लिया लाभ




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** लायंस क्लब कोटा एवं स्काईलाइन हाउसिंग सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन स्काईलाइन हाउसिंग सोसाइटी, राजीव गांधी नगर, झालावाड़ रोड पर किया जा रहा है। अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि शिविर प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तथा शाम 4 से 8 बजे तक संचालित हो रहा है। इसमें थेरेपिस्ट एस.आर. चौधरी और थेरेपिस्ट किशन सारन सेवाएं दे रहे हैं।

सोमवार और मंगलवार को क्रमश: 70 और 85 मरीजों ने लाभ उठाया। कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पारीक ने बताया कि बिना दवाइयों के उपचार के रूप में यहां एक्यूप्रेशर, सुजोक और वाइब्रेशन थेरेपी से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। शिविर में जोड़ों का दर्द, गर्दन दर्द, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, गैस, साइटिका आदि समस्याओं में राहत मिल रही है। शिविर काआयोजन बुधवार 27 अगस्त तक चलेगा। लायंस क्लब कोटा के प्रेसिडेंट सोनल नंदवाना, सेक्रेटरी, मुकेश विजयवर्गीय एवं ट्रेज़रर लायन लक्ष्मीकांत पारीक,सदस्य अजय गुप्ता, प्रमिला पारीक सहित कई लोग शिविर में उपस्थित रहे।

## नेत्रदान पखवाड़े में,8 सितंबर तक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श ले सकेंगे, नेत्रदानी परिजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** 25 अगस्त से 8 सितंबर तक पूरे भारतवर्ष में 40वाँ नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है । इस दौरान देशभर में राजकीय,निजी एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा आम जन को नेत्रदान की प्रति जागरूक किया जाता है । नेत्रदानी नगरी कोटा में शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा भी नेत्रदान जागरुकता का प्रयास पिछले 14 वर्षों से लगातार जारी है । संस्था के द्वारा निशानी परिवारों को विशेष पहचान दिलाने के लिए भी संस्था ने कई रोचक एवं प्रेरणादायक प्रयास किए हैं । जिनको एक राष्ट्रीय पहचान भी मिली है ।

नेत्रदानी परिवारों को चिकित्सा सुविधा में भी कुछ लाभ मिल सके, इसलिए नेत्रदानी परिवार अपने परिवार के सदस्यों का नेत्र परीक्षण, 8 सितंबर तक,सरोया आई हॉस्पिटल तलवंडी रोड पर निःशुल्क करवा सकेंगे ।

## गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** आदर्श विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महुपुरा में मंगलवार को वंदना सभा के उपरांत गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाया गया।। कार्यक्रम का संचालन उत्सव जयंती प्रमुख मीना राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का प्रबोधन स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य नरेंद्र नाथ द्वारा किया गया इन्होंने बताया कि भगवान गणेश जी को उनकी बुद्धि के कारण प्रथम पूज्य देवता के रूप में जाना जाता है इसके उपरांत विद्यालय की आचार्या सरिता श्रृंगी ने भजन प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव द्वारा गणेश जी की आरती को प्रारंभ किया गया एवं इसके बाद सभी आचार्य दीदी ने आरती में भाग लिया तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को भगवान गणेश जी का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया ।

## जेसीआई एलुमनी नॉर्थ कार्निवल: कोटा टीम ने को मिले 4 अवॉर्ड

### राष्ट्रीय स्तर पर चमका जेसीआई एलुमनी ज़ोन-5 राजस्थान, लुधियाना में जीते चार पुरस्कार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** जेसीआई एलुमनी इंडिया का नॉर्थ कार्निवल अवॉर्ड सेरेमनी भव्य रूप से लुधियाना में सम्पन्न हुआ, जिसमें देशभर से विभिन्न ज़ोन्स के सदस्यों ने भाग लिया। अब तक किए गए कार्यों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ज़ोन्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेसीआई एलुमनी ज़ोन-5 राजस्थान को चार पुरस्कार प्राप्त हुए। ज़ोन चेयरमैन पीयूष खंडेलवाल ने बताया कि कोटा की टीम ने सेवा और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजली गुप्ता बत्रा ने ज़ोन-5 के अध्यक्ष पीयूष खण्डेवाल एवं सदस्यो को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। सचिव प्रियंक माहेश्वरी ने बताया कि क्लब को आउटस्टैंडिंग पीआर एवं डिजिटल विनर,स्पेशल रिकग्निशन अवॉर्ड— ज़ोन—5,आउटस्टैंडिंग ज़ोन ऑफिसर - प्रियंक महेश्वरी,आउटस्टैंडिंग मेंबर - शरद गुप्ता अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर कोटा से पूर्व चेयरमैन मनीष चांडक, सचिव प्रियंक महेश्वरी, कोषाध्यक्ष शरद गुप्ता और संयुक्त सचिव विकास शर्मा उपस्थित रहे।

## शराब ठेकेदारों को पुलिस थाने बीट इन्चार्ज एवं 112 द्वारा किया जा रहा नाजायज परेशान

### मांगे नहीं मानी तो अनिश्चित कालीन बंद करेंगे शराब की दुकाने

### ढोल बजाकर आबकारी आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** कोटा शहर में शराब के संवेदकों को पुलिस थाने के स्टाफ, बीट इन्चार्ज एवं 112 द्वारा नाजायज परेशान किए जाने के विरोध में वाइन कान्टे:क्टर ऐसोसिएशन ने मंगलवार को तीन घंटे सुबह 10 से लेकर 1 बजे तक दुकान बंद कर विरोध दर्ज कराया है। वाइन कान्टे:क्टर ऐसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि शहर में अवैध शराब बेची जा रही है, जिस कारण काफी समस्या आ रही है, लाइसेंसधारी संवेदकों को अवैध शराब बैचे जाने से राजस्व की हानि हो रही है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा भी लगातार परेशान किया जा रहा है, जिसका सभी शराब कान्टे:क्टर विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को आबकारी आयुक्त उदयपुर राजस्थान के नाम अतिरिक्त आबकारी आयुक्त कोटा को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कोटा शहर के शराब संवेदकों ने ढोल बजाते हुए प्रशासन को जगाने का प्रयास किया और परेशान किए जाने का विरोध दर्ज कराया है। पारेता ने कहा कि यदि हमे नाजायज परेशान किया गया तो अनिश्चित कालीन शराब की दुकानों को बंद कर दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा शराब आवेदकों को शराब की दुकाने आवंटित की जाती है, शराब सवेदकों द्वारा करोड़ो रुपए का राजस्व अर्जित कर आबकारी विभाग को दिया जाता है। परंतु कोटा शहर में पुलिस द्वारा नाजायज तंग किया जा रहा है। शराब की दुकानो के सामने किसी भी समय दुकान के बाहर 112 पुलिस की गाडी आकर खड़ी हो जाती है। किसी भी समय बीट इन्चार्ज दुकान के अन्दर घुसकर सेल्समेन व दुकान के बाहर खडें ग्राहकों को धमकाता है, हम



अवैध शराब नहीं बेच रहे फिर भी तानाशाही की जा रही है। सरकार से लाइसेंस लेकर व करोडो रुपए देकर शराब की दुकान चलाते है, लेकिन पुलिस के रवैये से बिक्री पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। शहर में कई जगह अवैध शराब बिक रही है उस और पुलिस का बिल्कुल भी ध्यान नही जाता है, उनका टारगेट शराब ठेकेदार व उसकी दुकान होती है। यदि यही हाल रहा तो शराब ठेकेदार अपनी गारंटी पूरी नही करपायेंगे एवं अनिश्चित काल के लिए शराब दुकान बंद कर दी जाएगी।

इस अवसर पर राम कल्याण नागर, महेश उपाध्याय, धर्मेन्द्र मीणा, गुरप्रीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, अशोक अदलखा, योगेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र, विक्रम सिंह नरुका, विनोद झामनानी , विजय सिंह, लवेश सुवालका, रिक्की बना, गालिब भाई, पूनम मेवाडा, संतोष अग्रवाल, श्याम शर्मा, बाबू लाल सुवालका शिव सुवालका सहित कई संवेदक उपस्थित रहे।

## उत्तर महापौर ने भी किया अवकाश में संशोधन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने राजस्थान नगर पालिका (ऑब्जर्वेंस ऑफ होलीडेज एंड रेगुलेटिंग आवर्स ऑफ वर्क्स) रूल्स 1961 के नियम 4 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नगर निगम कोटा उत्तर में उनके द्वारा घोषित दो अवकाश की तिथियां में आंशिक संशोधन किया है। महापौर मंजू मेहरा ने बताया कि पूर्व में उन्होंने 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी और 24 अक्टूबर को भाई दूज पर अवकाश की घोषणा की थी। लेकिन जिला कलेक्टर द्वारा उनके द्वारा पूर्व में जारी दो अवकाश की तिथियां में संशोधन करते हुए गणेश चतुर्थी के अवसर पर जिले में अवकाश घोषित करने के बाद उन्होंने भी नगर निगम कोटा उत्तर में पूर्व में घोषित अवकाशों में आंशिक संशोधन किया है।

उन्होंने बताया कि अब नगर निगम कोटा उत्तर में 21 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को अवकाश रहेगा।

## पर्युषण महापर्व पर सातवे दिन हुई धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** पुराना बाजार जैन श्वेतांबर श्री सुविधिनाथ मंदिर में जैन समाज का प्रवधिराज पर्युषण महापर्व सातवे दिन भी महापर्व धूमधाम से मनाया गया पर्युषण महापर्व करने पधारे श्री संघ में अखिल भारतीय युवा परिषद से आई इंदौर की चित्रा सकलेचा और प्रेमलता लालन ने दिन धर्म आराधना कर व पूजन करवाई सर्वप्रथम पक्षाल, अभिषेक, नव अंगों की पूजन कर स्नात्र पूजन कराया गया श्वेताम्बार समाज के अध्यक्ष अरविन्द सांकला ने बताया की आज के स्नात्र पूजा के लाभार्थी परिवार एम.एल जैन, पुष्प लता तिल्लानी, कमल तिल्लानी, धर्मेंद्र



तिल्लानी, एल. सी, लोढ़ा, राजेंद्र, जितेंद्र सोनगरा परिवार ने लाभ लिया। इसके बाद महावीर भवन में कल्प सूत्र वांचन हुआ। इसके बाद मूलनायक भगवान जी श्री श्रीसुविधिनाथ भगवान सुप्रश्वनाथ भगवान पार्श्वनाथ भगवान श्री आदिनाथ भगवान श्री गौतम स्वामी जी श्री दादा गुरुदेव जी नाकोड़ा भैरव नाथ जी की आंगी रचना की गई अंगी रचना करने में शामिल प्रेरणा जैन, तनिष्का गोठी,तीर्थ जैन द्वारा बनाई गयी सचिव जितेंद्र गोठी व कोषाध्यक्ष राकेश हिंगड़ ने जानकारी दी की आज भगवान जी की आंगी पुष्पलता तिल्लानी, कमल तिल्लानी, धर्मेन्द्र तिल्लानी परिवार द्वारा लाभ लिया गया।

उसके बाद रात्रि आरती व धार्मिका प्रतियोगिता का आयोजन हुआ व प्रभु भक्ति हुई।

# कैथूनीपोल चौराहे पर बनेगी रोटरी, आवागमन सुगम होगा

## पैदल भ्रमण कर लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

### लोकसभा अध्यक्ष ने किया अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी गणेश चतुर्थी और अन्य धार्मिक आयोजनों को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और आयोजन समिति से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बिरला ने आयोजन समिति पदाधिकारियों, व्यापार मंडल, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कैथूनीपोल से किशोर सागर पाल तक संपूर्ण मार्ग का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान बिरला ने कैथूनीपोल चौराहे को चौड़ा कर रोटरी बनाने के निर्देश दिए और कहा कि चौराहे की बनावट ऐसी हो कि शोभायात्राओं के समय इसे शिफ्ट किया जा सके। उन्होंने गंधीजी का पुल चौराहे पर व्यापारियों से सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने और सब्जी मंडी के प्रवेश द्वार को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मार्ग पूरी तरह साफ-सुथरा और गड्ढामुक्त रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

लोकसभा अध्यक्ष ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति और आकर्षक सजावट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्ग के प्रमुख स्थानों पर फसाड लाइटिंग और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो तथा व्यापार संघ की मदद से इसे और बेहतर बनाया जाए।



विद्युत तारों की स्थिति और रखरखाव की भी समीक्षा की गई और सुरक्षा को लेकर कोई चूक न रहने के निर्देश दिए।

बिरला ने यातायात प्रबंधन को सुचारू रखने पर विशेष जोर दिया और कहा कि श्रद्धालुओं की आवाजाही में कहीं कोई बाधा न हो। उन्होंने उचित पार्किंग व्यवस्था करने और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने के निर्देश दिए। साथ ही जर्जर भवनों की स्थिति, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाएं और आपातकालीन प्रबंधन की भी जानकारी ली और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अग्रवाल महिला सुंदरकांड ग्रुप का नंदोत्सव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अग्रवाल महिला सुंदरकांड ग्रुप द्वारा मगंलवार को गीता भवन में नंदोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गायिका यशोदा द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। नंदबाबा, यशोदा ओर कान्हा जनम की झांकियां सजाई गईं। सभी को बधाई में कृष्ण और राधा के चित्र प्रदान किए गए। अध्यक्ष संतोष गुप्ता और महामंत्री उमा सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजन कृष्णा अग्रवाल, राधा मित्तल, राजकुमारी अग्रवाल, आशा अग्रवाल, शशि अग्रवाल द्वारा किया गया। कृष्ण स्वरूप अभिलाषा और मुक्ति अग्रवाल ने राधा का स्वरूप धरा। ममता बंसल, वीणा अग्रवाल, सरिता जैन, पूनम गोयल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान



# सिंजारा महोत्सव की धूम, मोती डूंगरी में 3100 किलो मेहंदी अर्पित, नहर के गणेश जी को लगा लड्डूओं का भोग...

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** छोटी काशी जयपुर में गणेश चतुर्थी पर्व से पहले गणपति बप्पा के सिंजारा महोत्सव की धूम रही. शहर के प्रमुख मंदिरों मोती डूंगरी गणेश मंदिर, प्राचीन नहर के गणेशजी मंदिर और परकोटा गणेश मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा. इस अवसर पर विशेष श्रृंगार, मेहंदी अर्पण और भजन संध्या के बीच श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में डूबे नजर आए.

सोजत से मंगवाई 3100 किलो मेहंदी अर्पित – शहर के प्रमुख मोती डूंगरी गणेश मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में भगवान का पारंपरिक श्रृंगार किया गया. उन्हें गोटा पत्ती की विशेष पोशाक धारण कराई गई. श्रृंगार के भाव में नौलखा हार और स्वर्ण मुकुट धारण कराते हुए चांदी के सिंहासन पर विराजमान कराया गया. पाली जिले के सोजत से मंगाई गई 3100 किलो मेहंदी भगवान को अर्पित की गई और फिर यही मेहंदी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित की गई. इस दौरान भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं. जेएलएन रोड से ही रेलिंग, एआई कैमरे और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे. भगवान को मोदकों का भोग – इसी तरह ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित प्राचीन नहर के गणेशजी मंदिर में त्रिदिवसीय गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ सिंजारा महोत्सव से हुआ. इस अवसर पर गणपति को विशेष लहरिया पोशाक और साफा पहनाकर मोदकों की झांकी सजाई गई. साथ ही भगवान को अर्पित की गई मेहंदी और सिंदूर भक्तों के बीच वितरित किया गया. यहां भजन संध्या का भी आयोजन हुआ. जिसमें भक्त सराबोर होते हुए नजर आए. इस दौरान मंदिर परिसर को पचरंगी झंडों, विद्युत सज्जा और भव्य फूल बंगले से सजाया गया. महिलाओं ने लगाई एक-दूसरे को मेहंदी – शहर के परकोटा गणेश मंदिर में भी मंगलवार को मेहंदी सिंजारा महोत्सव मनाया गया. महंत परिवार की ओर से प्रथम पूज्य को 101 किलो मेहंदी अर्पित की गई. इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाई और महिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन, बधाई गान का आयोजन किया गया. यहां तीन दिन के लिए मंदिर परिसर को फूलों, बंदरवाल और झंडों से सजाया गया।

# बांसवाड़ा में 6 इंच बारिश, 4 जिलों में अलर्ट

## रामदेवरा में दीवार गिरी, जालोर में डूबने से 2 की मौत; उदयपुर में फतह सागर के गेट खोले



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में बारिश का दौर अब धीमा पड़ गया है। मंगलवार को अलवर, जोधपुर, सीकर, जैसलमेर और कोटपूतली-बहरोड़ में कहीं हल्की से मध्यम तो कहीं तेज बरसात हुई। बांसवाड़ा के भूंगड़ा में 6 इंच बरसात हुई। दौसा, अलवर, प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में 1 से 3 इंच तक पानी बरसा।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले तीन-चार दिन बारिश का दौर धीमा रहेगा। बुधवार को सिर्फ झालावाड़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, हैदराबाद से आई इंडिगो की फ्लाइट मंगलवार को खराब मौसम के कारण जोधपुर में लैंडिंग नहीं कर पाई। प्लेन 20 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा। फ्लाइट को उदयपुर डायवर्ट किया गया। उदयपुर में फतहसागर झील के गेट खोले गए हैं। झाड़ोल क्षेत्र में वाकल नदी उफान पर है। वास-नरसिंगपुरा संपर्क सड़क के बीच बनी पुलिया डूब गई है। वास और नरसिंगपुरा गांव का संपर्क आपस में कट गया है। जैसलमेर के रामदेवरा में भारी बारिश से जलभराव हो गया। इससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तालाब की पाल की सीढ़ियों की दीवार भी गिर गई। जालोर में नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। भीलवाड़ा के रायला कस्बे में सरकारी स्कूल का कमरा भरभराकर गिर गया। कमरा पहले से ही सील था। बहरोड़ (कोटपूतली-बहरोड़) के ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया। बाजरे की फसल खराब हो रही है। इधर, टोंक और बूंदी जिले के स्कूलों में 27 अगस्त को भी छुट्टी रहेगी।

### बांसवाड़ा के भूंगड़ा में 154एमएम पानी बरसा

पिछले 24 घंटे के दौरान बांसवाड़ा के भूंगड़ा में 154, भीलवाड़ा के कोटड़ी में 53, अलवर के कठूमर में 89, कोटकासिम में 35, खैरथल में 33 और बानसूर में 40एमएम पानी बरसा। कोटा के कानावास में 39, कोटपूतली में 40, फलोदी के सेतरवाड़ा में 85, प्रतापगढ़ के धरियावद में 69एमएम बारिश हुई। उदयपुर के लसाड़िया में 23, कुराबाद में 49, जोधपुर के तिंवरी में 35, धौलपुर के मनिया में 68, बूंदी में 44 और चित्तौड़गढ़ के बस्सी में 43एमएम बरसात दर्ज हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून ट्रफ अभी श्रीगंगानगर, सिरसा, आगरा, सीधी, संभलपुर होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। वहीं पूर्वी हवा के थोड़ा कमजोर होने से राजस्थान में अगले कुछ दिन बारिश का दौर कमजोर रहने की संभावना है।

# किरण चौधरी बोलीं- मनीषा केस सही से हैंडिल नहीं हुआ

## वर्ना यहां तक बात नहीं पहुंचती; 3 बार पोस्टमॉर्टम हुआ, इसमें भी लू पोल थे

बढ़ता राजस्थान

**भिवानी।** हरियाणा से भाजपा की राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि भिवानी की लेडी टीचर मनीषा की मौत का मामला सही से हैंडिल नहीं हुआ, वर्ना बात यहां तक नहीं पहुंचती। पोस्टमॉर्टम में भी लू पोल थे। यह घिनौनी हरकत की गई है। इससे दिल दहलाने वाली कोई बात नहीं हो सकती। किरण चौधरी पूर्व सीएम स्वर्गीय बंसीलाल की 99वीं जयंती समारोह में भिवानी के गांव गोलागढ़ में कार्यक्रम में शामिल हुईं। जहां उन्होंने समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर कहा कि चौधरी बंसीलाल विकास पुरुष थे। जिन्होंने दक्षिण हरियाणा के मरुस्थली क्षेत्रों में पानी पहुंचाने का कार्य किया और पूरे प्रदेश में सड़क, बिजली पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

**बेटियां सबकी, बहुत दुख की बात:** मनीषा मौत मामले में किरण चौधरी ने कहा- बहुत ही दुख की बात है। किसी के घर की बेटी इस तरह से जाए। बेटियां हम सबकी हैं। इस तरह की घिनौनी हरकत की गई है तो उससे ज्यादा दिल दहलाने वाली बात नहीं हो सकती। समाज के अंदर इतनी गिरावट आ गई है कि इस तरह की चीजें देखने को मिलती हैं।

# सीडीएस बोले- शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें, भारत शांतिप्रिय देश लेकिन शांतिवादी नहीं

बढ़ता राजस्थान

**महू (एजेंसी)।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं।

सीडीएस मंगलवार को मध्यप्रदेश के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित रण संवाद-2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के चीफ भी शामिल हो रहे हैं।

सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि शक्ति के बिना शांति एक यूटोपियन धारणा है। जनरल चौहान ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए कहा, 'क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित, विनीत, सरल हो।'

सीडीएस ने कहा, मैं एक लैटिन कोट कहना चाहूंगा, जिसका हिंदी अनुवाद है कि अगर आप शांति चाहते हैं तो युद्ध के लिए तैयार रहें। क्योंकि, शक्ति से ही शांति आ सकती है। ऑपरेशन सिंदूर एक न्यू एज वॉर था, जिससे हमने कई सबक सीखे। ऑपरेशन अभी जारी है।



### सुदर्शन चक्र मिशन पर काम शुरू

इस साल 15 अगस्त को लाल किले से पीएम नरेंद्र मोदी के सुदर्शन चक्र मिशन पर किए गए ऐलान पर सीडीएस ने कहा कि इस पर काम शुरू हो चुका है। जनरल चौहान ने कहा कि रविवार को डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण इसी का हिस्सा है।

### ऑपरेशन सिंदूर जारी है, शस्त्र और शास्त्र एक साथ फॉलो करेंगे

सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई सबक सीखे। उनमें से ज्यादातर पर अमल चल रहा है। सीडीएस ने कहा- गीता और महाभारत में युद्ध नीति के सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं। चाणक्य की नीति ने चंद्रगुप्त को विजय दिलाई। उन्होंने कहा है शक्ति, उत्साह और युक्ति... युद्ध नीति के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। शस्त्र और शास्त्र दोनों को एकसाथ फॉलो करने की जरूरत है।

### सीडीएस ने बताया- बेहद खतरनाक होगी भविष्य की जंग

जनरल चौहान ने कहा कि निकट भविष्य की जंग बेहद खतरनाक होगी, उसमें हम मिलकर (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) ही जीत हासिल कर सकते हैं। सीडीएस ने कहा कि हमें हर हालात में सशक्त और आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने साफ किया इस रण संवाद का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करना नहीं है। हम ऑपरेशन सिंदूर के आगे क्या है उस पर चर्चा कर रहे हैं यानी फ्यूचर वॉरफेयर कैसा होगा।

# आरसीए प्रदेश के 33 जिलों में बनाएगा क्रिकेट स्टेडियम : ग्राउंड एंड स्टेडियम डेवलपमेंट कमेटी का किया गठन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के 33 जिलों में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। मंगलवार को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 33 जिलों में स्टेडियम का निर्माण के लिए सात सदस्य कमेटी का गठन भी किया है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीन दयाल कुमावत ने कहा- राजस्थान में क्रिकेट और खिलाड़ियों के विकास के लिए स्टेडियम सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि स्टेडियम में ही खिलाड़ी प्रैक्टिस करते हैं, वहीं क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। ऐसे में अब एडहॉक कमेटी ने प्रदेश के 33 जिलों में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। ताकि प्रदेश के प्रत्येक जिले के युवा खिलाड़ियों को अपने घर के नजदीकी बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

**क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकेगा**–कुमावत ने कहा- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के सभी सदस्य प्रदेश के 33 जिलों में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करने जा रहे हैं। ताकि वहां के खिलाड़ियों को बेस्ट से बेस्ट कोच से उनके जिले में ही ट्रेनिंग मिल सके।

वहां पर बेहतर से बेहतर क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सके। इसको लेकर आज हमने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड और स्टेडियम डेवलपमेंट कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में एडहॉक कमेटी के सदस्य आशीष तिवाड़ी को चेयरमैन बनाया गया है।

# कुल्लू में 20 घर-दुकानें, रेस्टोरेंट ब्यास में बहे

## टोल प्लाजा जलमग्न; 4 पुल टूटे, मंदिर तक पहुंचा पानी, मंडी में 2 बिल्डिंग गिरीं

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मनाली में मंगलवार को 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट ब्यास नदी व दूसरे नालों में समा चुके हैं। 30 से अधिक घरों पर अभी भी खतरा मंडरा रहा है। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में 2 घर, ओल्ड मनाली में 6 ढाबे व 3 घर, रामशीला में 3 मकान, बाहंग में 2 रेस्टोरेंट और 4 दुकानें पानी में बह गए हैं। कुल्लू में ब्यास का पानी डोहलू टोल प्लाजा तक पहुंच गया। चंबा जिला में संचार सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई है। मणिमहेश यात्रा को भी स्थगित कर दिया गया है। कुल्लू और मनाली के बीच सड़क जगह जगह ब्यास नदी में समा गई है। इससे मनाली का कुल्लू जिला मुख्यालय से पूरी तरह संपर्क कट चुका है। मनाली में बेली ब्रिज के साथ लेफ्ट बैंक ब्रिज बह और ओल्ड मनाली को जोड़ने वाला पुल भी बह गया है।

ब्यास के तेज बहाव से ग्रीन टैक्स बैरियर के पास सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है, जबकि बिंदु ढांक के पास मनाली-लेह ह॥ का एक हिस्सा नदी में समा गया।

# प्रियंका गांधी बोलीं-वोट चोरी हुई तो आपकी पहचान चली जाएगी

## राहुल ने कहा- शाह ने 40-50 साल सरकार चलने की बात कही, क्योंकि वोट चुरा रहे

बढ़ता राजस्थान

**सुपौल (एजेंसी)।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के 10वें दिन प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। मधुबनी में सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, मोदी जी ने लोकसभा चुनाव में कहा था कि देशवासियों सावधान हो जाओ। ये कांग्रेस वाले तुम्हारी भैंस चुरा लेंगे। हमें क्या पता था कि ये वोट चुरा रहे थे। ये वोट भारत के लोकतंत्र का आधार है। ये वोट आपका सबसे कीमती अधिकार है, इसे चोरी होने मत दीजिए। इन्होंने आपके रोजगार की चोरी की है, बड़ी-बड़ी कंपनियों की चोरी करके दोस्तों को दे दिया है। हर स्तर पर चोरी हो रही है। वोट आपकी पहचान है, आपकी नागरिकता का आधार है। ये चोरी हुई, तो आपकी पहचान खत्म हो जाएगी। कल को आपदा आ गई, बाढ़ आ गई, तो आपको मुआवजा नहीं मिल पाएगा, आपकी पहचान नहीं हो पाएगी। आप अपने अधिकार की चोरी मत होने दीजिए।



### राहुल बोले- समझिए शाह ने क्यों कहा हमारी सरकार 40-50 साल रहेगी

राहुल गांधी ने कहा- अमित शाह ने कहा कि बीजेपी की सरकार 40-50 साल तक रहेगी। पहले ये बयान अजीब लगा, अमित शाह को कैसे पता कि 40-50 साल तक सरकार चलेगी। अब सच्चाई सामने आ गई है। अमित शाह ऐसा इसलिए कह पा रहे थे, क्योंकि ये लोग वोट चोरी करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आप यात्रा में आओ। बच्चा-बच्चा कह रहा है मोदी वोट चोर है। बच्चे मेरे कान में आकर कहते हैं, लेकिन मीडिया को बात समझ नहीं आती है। राहुल गांधी ने ये भी कहा कि मीडिया हाउस में बड़े पदों पर दलित क्यों नहीं हैं। मंगलवार को यात्रा सुपौल, मधुबनी होते हुए दरभंगा पहुंची है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)